Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक

# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः04 अंकः253 जयपुर, सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर सिरोही से प्रकाशित) मूल्यः 3 पृष्ठः8

## देश का ऐसा गांव जहां बिना दुकानदार के चल रही दुकानें

### यहां ना चोरी होती है और ना दरवाजों पर लगता है कुंडा-ताला



**कोहिमा (एजेंसी)।** आज के दौर में जहां धोखाधड़ी, फरेब और चोरी आम बात हो गई है, वहीं नागालैंड का एक छोटा सा गांव अपनी ईमानदारी से सबका दिल जीत लेता है। इस गांव में ऐसी दुकानें हैं जहां न कोई दुकानदार होता है और न ही दुकानों पर ताला लगाया जाता है। लोग अपनी जरूरत का सामान खुद लेते हैं और जितने पैसे का सामान लेते हैं, उतने पैसे वहीं रख देते हैं। यहां कोई चोरी नहीं करता और न ही किसी को डर होता है कि उसका नुकसान होगा। इस गांव के लोग सच्चाई और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं। भारत में कई स्थान अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध हैं, लेकिन नागालैंड का खोनोमा गांव अपनी ईमानदारी और भरोसे के लिए खास पहचान रखता है। इस गांव में वर्षों से ऐसी दुकानें हैं जहां कोई दुकानदार नहीं होता। ग्राहक खुद सामान चुनते हैं और उतनी ही राशि ईमानदारी से रखकर चले जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इतने सालों में यहां किसी ने चोरी करने की कोशिश तक नहीं की। यही वजह है कि खोनोमा गांव ईमानदारी का प्रतीक कहलाता है। खोनोमा गांव नागालैंड में स्थित है और यह अपनी ईमानदारी, खूबसूरती और स्वच्छ वातावरण के लिए मशहूर है। यहां के लोग पीढ़ियों से बिना डर और शक के जीवन जीते हैं। दुकानों में सामान के साथ पैसे रखे होते हैं, फिर भी कोई चोरी नहीं करता। गांव वाले मानते हैं कि दूसरों का हक छीनना या धोखा देना गलत है। उनकी यही सोच और संस्कार इस गांव को पूरे देश में ईमानदारी का प्रतीक बनाते हैं। खोनोमा गांव भारत का पहला ग्रीन विलेज कहलाता है। यहां के लोग पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करते हैं। साफ-सफाई, हरियाली और प्रकृति से प्रेम इस गांव की पहचान है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता और लोगों की ईमानदारी देखने हर साल देश-विदेश से पर्यटक यहां आते हैं।

# बिहार में किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा नहीं होंगे वोटर

### ● मुख्य चुनाव आयुक्त बोले-100 फीसदी होगी वेब कास्टिंग




**पटना (एजेंसी)।** बिहार चुनाव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर चुनाव आयोग की टीम दो दिन के पटना दौरे है। रविवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। 100 फीसदी वेब कास्टिंग होगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र है। विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को खत्म हो रहा है। उसके पहले चुनाव संपन्न होंगे। चुनाव आयोग की टीम दो दिनों से बिहार में है। इसके पहले भी हमारे वरिष्ठ अधिकारी बिहार का दौरा कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने दो दिवसीय दौरे के दौरान पहले दिन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उसके बाद, सभी जिलों डीएम, एसपी, डीआईजी व आईजी के साथ बैठक की। वहीं, दूसरे दिन तीन सत्र में,प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों, बिहार के मुख्य सचिव, डीजीपी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। सीईसी ने बताया कि पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) की ट्रेनिंग दिल्ली में हुई है। बूथ लेवल ऑफिसर के लिए भी फोटो आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा पोलिंग बूथ के कमरे के बाहर मोबाइल जमाकर वोट डालने की सुविधा होगी। सभी 90 हजार पोलिंग बूथ पर ये सुविधा होगी। मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर स्लिप बूथ की संख्या बड़े अक्षरों में होगी, जिससे बूथ ढूंढना आसान होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व कराए गए एसआईआर के तहत अपात्र मतदाताओं के नाम कटे हैं, उन्होंने आग्रह किया कि अभी भी वक्त है, यदि वे योग्य हैं, तो नामांकन की समाप्ति के 10 दिनों पहले तक वे फॉर्म- 6 या फॉर्म- 7 भरकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो नई पहल की गई है, उनमें कुछ चुनाव कंडक्ट के समय और कुछ चुनाव के दौरान लागू की जाएगी। उन्होंने आधार कार्ड को लेकर नियमों आए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का जिक्र किया और कहा कि इसे गणना फॉर्म के साथ स्वीकार किया गया था और आगे भी स्वीकार किया जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट और आधार कानून के साथ जनप्रतिनिधित्व कानून का हवाला दिया और कहा कि आधार केवल पहचान है, नागरिकता का प्रमाण नहीं।

### वोटर आईडी कार्ड में वोटर आईडी नंबर बड़ा होगा

राजनीतिक दलों से हर बूथ पर चुनाव एजेंट बहाल करने और मतदान से पूर्व और मतदान की समाप्ति तक फॉर्म 17 सी लेकर जाने तक उनकी मौजूदगी सुनिश्चित कराएं। चुनाव आयोग 17 नए प्रयोग बिहार चुनाव में करने जा रही है। आगे यह पूरे देश में लागू होगा। ईवीएम पर प्रत्याशियों की रंगीन फोटो होगी। वोटर आईडी कार्ड में वोटर आईडी नंबर बड़ा होगा। ईवीएम की काउंटिंग में कोई भी गलती होगी तो सभी ईवीएम की गिनती होगी। इसके अलावा बैलेट वोट की भी गिनती अनिवार्य होगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल ही में बिहार में मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम चलाया गया और हमारे सामने मौजूद बूथ लेवल अधिकारियों ने न सिर्फ अपने बूथों पर मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम किया, बल्कि बिहार के 90,217 बूथ लेवल अधिकारियों ने ऐसा काम किया जो पूरे देश में सराहनीय है।

## भविष्य के युद्धों से निपटने सेना की नई तैयारी

### रुद्र ब्रिगेड का किया गठन, दो महीने पहले हुआ था ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सैन्य आधुनिकीकरण और एकीकृत थियेटर योजना की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सेना ने अपनी एकीकृत नई रुद्र ब्रिगेड का गठन कर दिया। सेना की उत्तरी कमान ने शनिवार को एक्स पर इसकी घोषणा की। इस ब्रिगेड में इंफैंट्री, मेकेनाइज्ड इंफैंट्री, आर्मर्ड यूनिट, आर्टिलरी, स्पेशल फोर्स, अनमैन्ड एरियल सिस्टम और ऐसे ही युद्धक कंपोनेंट शामिल किए गए हैं। इस ब्रिगेड को लॉजिस्टिक या कांबैट सपोर्ट जैसे विशेष कार्यों के लिए तैयार किया गया है। बता दें कि 26वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर इस साल 26 जुलाई को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के लिए नई रुद्र ब्रिगेड के गठन की घोषणा की थी। सेना की उत्तरी कमान ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भारतीय सेना क्षमता विकास और भविष्य के युद्धों के लिए तैयारी पर अपनी ध्यान निरंतर बनाए हुए है। रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि ब्रिगेड में विशेष बलों और मानवरहित प्रणालियों को शामिल करना परंपरागत ताकत को उभरती हुई तकनीक को जोड़ने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि यह नया गठन भविष्य के युद्धों के लिए भारत की तैयारी सुनिश्चित करेगा और साथ ही सीमाओं पर मजबूत संदेश भी भेजेगा। रुद्र ब्रिगेड को इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप (आइबीजी) की तर्ज पर तैयार किया गया है।

● आधुनिकीकरण की दिशा में अपनी सेना ने बढ़ाए नए कदम

## 'मौत' का सिरप बनाने वाली कंपनी पर ऐक्शन की तैयारी

● यह दवा तीन राज्यों में बैन, एफडीए को पत्र लिखेगा संगठन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन कोल्ड्रिफ कफ सिरप के निर्माता स्रेसेन फार्मास्यूटिकल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। इस सिरप के सेवन से कई बच्चों की मृत्यु हुई है। विभाग तमिलनाडु खाद्य एवं औषधि प्रशासन को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए कहेगा। आधिकारिक सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को यह जानकारी दी। मालूम हो कि प्रभावित बच्चे मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, राजस्थान और महाराष्ट्र से हैं। केरल और तेलंगाना जैसे राज्यों ने कोल्ड्रिफ सिरप के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के लिए चेतावनी जारी की है। मध्य प्रदेश में कफ सिरप की आपूर्ति करने वाली एक अन्य कंपनी नेक्सट्रो डीएस के सैंपल्स की जांच चल रही है। सूत्रों ने कहा, नेक्सट्रो डीएस सिरप के नमूनों के नतीजे अभी तक नहीं आए हैं। कुल 19 सैंपल लिए गए हैं जिनमें सिरप, एंटी बायोटिक्स, एंटी पायरेटिक्स और ओन्डेनसेट्रोन के नमूने शामिल हैं। छिंदवाड़ा जिले में बीमार हुए बच्चों ने इनका ही सेवन किया था। सूत्रों ने आगे बताया कि तमिलनाडु की ओर से कोल्ड्रिफ कफ सिरप में डीईजी/ईजी की इजाजत से अधिक मात्रा मिली। इसके बाद मध्य प्रदेश औषधि नियामक प्राधिकरण ने भी इसकी जांच के लिए सैंपल लिया था, जिसके अंतिम नतीजे अभी आने बाकी हैं।



## जब तक जांच नहीं होती तब तक जेल में रहने को तैयार

● जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लोगों से की शांति की अपील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों के मौत के न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने लद्दाखवासियों से शांति और एकता बनाए रखने और अहिंसा के सच्चे गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से अपना संघर्ष जारी रखने का आग्रह किया है। दरअसल, 24 सितंबर को लेह में राज्य का दर्जा बहाल करने और छठी अनुसूची को लागू करने की मांग को लेकर हुआ विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। इस दौरान एक पूर्व सैनिक सहित चार लोगों की मौत हो गई। चार लोगों को के मौत को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिए गए लद्दाखी शिक्षा सुधारक और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। सोनम वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्होंने अपना यह संदेश भाई कात्सेतन दोरजे ले और उनके वकील मुस्तफा हाजी के माध्यम से दिया। इन दोनों वांगचुक से शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल में उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वांगचुक ने कहा कि जब तक स्वतंत्र जांच का आदेश नहीं दिया जाता, हम जेल में रहने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि लद्दाखी शिक्षा सुधारक रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता वांगचुक ने छठी अनुसूची के कार्यान्वयन और लेह में राज्य का दर्जा बहाल करने की शीर्ष निकाय और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) की मांग का भी समर्थन किया है।

## दुधिया पुल ढहा, सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग रोड बंद

### पश्चिम बंगाल में लैंडस्लाइड से 18 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पुल टूटने और कई जगहों पर लैंडस्लाइड से हड़कंप मच गया है। इस आपदा में 18 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं। अधिकारियों की मानें तो मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। आपदा की वजह भारी बारिश को बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल और



सिक्किम में बारिश का तांडव देखने को मिल रहा है। इससे नदियां पूरे उफान पर हैं। इसी बीच दार्जिलिंग और सिक्किम के बीच बना एक पुल अचानक धराशायी हो गया। जहां एक तरफ पुल टूटने से दार्जिलिंग और सिक्किम के बीच का कनेक्शन टूट गया है, तो वहीं सड़क धंसने से दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के बीच बनी रोड भी ब्लॉक हो गई है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी और कूचबिहार में भारी बारिश से जनजीवन तहस-नहस हो गया है। कई इलाकों में पानी जमा होने से बाढ़ के हालात बन गए हैं। इस भीषण आपदा के मद्देनजर दार्जिलिंग और सिक्किम के कई पर्यटन स्थलों को भी बंद कर दिया गया है। उत्तर बंगाल में लगातार बारिश से हालात गंभीर हो गए हैं। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में भूस्खलन से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दुधिया आयरन पुल का एक हिस्सा बह गया है, जिससे सिलीगुड़ी और मिरिक का संपर्क टूट गया है।

### हाथी-घोड़े-तोप-तलवारें... फौज तो तेरी सारी है — फिर भी जेडीए पर भूमाफिया भारी है!

## जेडीए की सीमा बढ़ी, लेकिन विकास घटा — कालवाड़ रोड पर गड्ढे, हरियाली पर हथौड़ा, और भूमाफिया पर सन्नाटा

### जेडीए के हौसले ठंडे, भूमाफिया के तेवर गर्म — जयपुर का नियोजित विकास गड्ढों में दफन!




**जयपुर।** शहर बढ़ रहा है, लेकिन विकास पीछे छूट गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अपनी सीमाएं बढ़ाकर कई गांवों को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल तो कर लिया, मगर इन इलाकों में नियोजित विकास की जगह अव्यवस्था का साम्राज्य खड़ा हो गया है। कागजों पर योजनाएं हैं, फाइलों में नक्शे हैं — मगर जमीन पर सिर्फ गड्ढे, अवैध कॉलोनियां और जाम की काली हकीकत है। कालवाड़ रोडः सड़क नहीं, गड्ढों का गलियारा — हर दिन जाम, हर मोड़ पर खतरा अगर आप कालवाड़ रोड से गुजरें तो समझ जाएंगे कि जयपुर में विकास की परिभाषा कितनी खोखली हो चुकी है। सड़कें टूटी हुईं, सीवरेज ओवरफ्लो, धूल के गुबार और गड्ढों का ऐसा जाल कि हर मोड़ पर दुर्घटना का खतरा। स्थानीय लोग कहते हैं —यहां सड़कें नहीं, गड्ढों के बीच बचकर निकलना पड़ता है। जेडीए के अफसर आते हैं, फोटो खिंचवाते हैं और चले जाते हैं। हरियाली पर प्रहार, नदी-नालों पर वार – अवैध कॉलोनियों का अघोषित साम्राज्य विस्तार

जेडीए की सीमाओं में शामिल इलाकों में हरे पेड़ों की जगह अब कंक्रीट के जंगल उग आए हैं। हरियाली के नाम पर जो जमीन आरक्षित थी, वहां भूमाफिया ने स्कीम बनाकर प्लॉट काट दिए। नदी और नालों को मिट्टी डालकर समतल किया जा रहा है, ताकि उन पर ड्रीम होम बसाए जा सकें। नतीजा — बारिश का पानी अब बहने की जगह घरों में घुस रहा है। जहां पहले नाले बहते थे, वहां अब मकान बने हैं। ये सब जेडीए की आंखों के सामने हो रहा है, एक स्थानीय निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा।

### जेडीए की कार्रवाई सिर्फ दिखावा — टूटती कॉलोनी अगले ही दिन फिर क्यों बस जाती है?

सबसे बड़ा सवाल —जब जेडीए अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करता है, तो अगले ही दिन वही कॉलोनी दोबारा कैसे खड़ी हो जाती है?

क्या भूमाफिया के पास कोई अदृश्य संरक्षण कवच है, या फिर अंदरखाने की साठगांठ इतनी गहरी है कि कार्रवाई महज नाटक बनकर रह गई है?

इतिहास गवाह है — अपनों ने ही अपनों को गिराया है।



कहीं जेडीए में भी तो छावा वाले कानू जी गणू जी नहीं बैठे?

स्थानीय बुद्धिजीवियों ने सवाल उठाया।

उच्च अधिकारियों को अब सोचना होगा – विकास की डोर माफिया के हाथ क्यों है?

जेडीए के उच्च अधिकारी अगर अब भी आंख मूंदे बैठे रहे तो आने वाले वर्षों में जयपुर की पहचान सिर्फ अवैध कॉलोनियों का शहरह्व बनकर रह जाएगी।

जहां न सड़कें होंगी, न सीवरेज, न हरियाली – सिर्फ कंक्रीट के जंगल और गड्ढों का साम्राज्य।

## जहां सरकार फेल वहां रामपाल ने जेल से पहुंचाई मदद

● हरियाणा के बाढ़ प्रभावित 200 गांवों को पाइप-मोटरें दीं; पंचायतें बोलीं-बाबा ने निहाल किया

**फतेहाबाद (एजेंसी)।** देशद्रोह समेत कई संगीन आरोपों में 11 साल से हिसार जेल में बंद सतलोक आश्रम संचालक रामपाल इन दिनों जलभराव से प्रभावित गांवों का मददगार बना हुआ है। उसकी ओर से हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, जींद, झज्जर जिलों के 200 गांवों में पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन और 15 से 20 हॉर्स पावर तक की मोटरें दी गई हैं। यह सामान पंचायतों के माध्यम से दिया गया है।



मदद पाने वाले करीब 70 गांवों की लिस्ट सामने भी आई है। ज्यादातर उन गांवों में मदद पहुंचाई गई है, जिन्हें प्रशासन की तरफ से समय पर मदद नहीं मिली। इस पर कई सरपंचों का कहना है कि उन्होंने प्रशासन के पास आवेदन किया, लेकिन मामला फाइलों में भी उलझा रहा। इधर, आश्रम प्रमुख के पास एक बार अर्जी दी, उसके कुछ समय बाद ही सामान पहुंच गया। इन गांवों में प्लास्टिक की पाइपों से लेकर अलग-अलग हॉर्स पावर की मोटरें व तार तक पहुंचाई गई है। गांवों में चार हजार फीट से लेकर 44 हजार फीट तक पाइपें पहुंचाई गई है। 15 हॉर्स पावर वाली मोटर की कीमत 40 से 45 हजार रुपए और 20 हॉर्स पावर वाली 50 से 60 हजार रुपए तक में आती है।

# डॉ अनीस बेग ने किया एक शाम एकता के नाम मुशायरे का भव्य आयोजन





(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)। बरेली में शनिवार को सिविल लाइंस स्थित आई एम ए हाल में सपा नेता डॉ. अनीस बेग द्वारा एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में आये कवियों ने अपनी कविताओं, शायरी से समा बांध दिया। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी से शमीम खां सुलतानी, शुभलेश यादव, प्रमोद बिष्ट, अशोक यादव, एडवोकेट हुरिया रहमान, हरिओम प्रजापति, दीपक बाल्मीकि, दिलीप बाल्मीकि, खुसरो मिर्जा, ओम प्रकाश मौर्य, जमुना प्रसाद मौर्य डॉ शाजिब अंसारी, डॉ गयासुल अंसारी, ओम पाल प्रजापति अवसर पर बरेली और बाहर से आए कवियों को डॉ. अनीस बेग ने फूलमाला और शॉल पहनाकर सम्मानित किया। मुशायरे में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने मुशायरे का जमकर आनंद लिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता डॉ. अनीस बेग ने कहा कि यह पहल बरेली के एकता कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय प्रयास है। समाजवादी पार्टी हमेशा से कला और संस्कृति को बढ़ावा देती रही है, कवियों, लेखकों और शायरों का सम्मान पार्टी के द्वारा हमेशा किया गया है। डॉ. अनीस बेग ने कहा कि लगातार हो रही पीडीए सम्मेलन और पंचायतों से लोगों की कला और विचारों को निखारने और नए स्तर पर पहुंचाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है मुशायरे में शामिल कवियों ने अपनी कविताओं और शायरी के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने अपने शब्दों के जादू से श्रोताओं को भावनाओं के समंदर में डूबो दिया। मुशायरे में शामिल लोगों ने कवियों की कविताओं और शायरी की जमकर प्रशंसा की डॉ. अनीस बेग ने अपने भाषण में कहा कि कला और संस्कृति किसी भी समाज की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए काम करती रही है। उन्होंने कहा कि मुशायरे जैसे आयोजनों से कवियों और शायरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मुशायरे में शामिल लोगों ने डॉ. अनीस बेग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. अनीस बेग के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। मुशायरे में शामिल लोगों ने डॉ. अनीस बेग को धन्यवाद दिया और उनके नेतृत्व में काम करने का संकल्प लिया। मुशायरे में शामिल कवियों और शायरों ने अपनी कविताओं और शायरी के माध्यम से श्रोताओं को भावनाओं के समंदर में डूबो दिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कवियों की कविताओं और शायरी की जमकर प्रशंसा की। मुशायरे में शमीम खां सुलतानी ने डॉ. अनीस बेग के प्रयासों की सराहना की और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नेतृत्व में काम करने का संकल्प लिया कवि आरिश रईस ने कहा जिंदगी कट नहीं सकती अदाकारी में है बहुत लोग बिछड़ जाते है मक्कारी में नए बच्चे मोहब्बत पड़ रहे है मेरी एक दोस्त टीचर बन गए है, कवि शाश्वत ने कहा की उस लड़की ने ऐसे आशिक बदले है जैसे कोई तितली फूल बदलती है माणिका दुबे, मध्यम सक्सेना, उन्नति राधा शर्मा, शरीक कैफी, वसीम नाजिर, सलीम सिद्दीकी, मोहन मुंतजर, अनुज कपूर, मुंतजिर फिरोजाबादी, सलमान सईद, अली शरीक, कमल शर्मा, आदि उपस्थित रहे

## लाम्बाखोह में बाबा रामदेव के भव्य मेले की तैयारियां जोरों शोरो पर

**-51 फुट का भैरव राक्षस का पुतला मेले का मुख्य आकर्षण**




**बून्दी।** जिले के डाबी बरड़ के ग्राम लाम्बाखोह में बाबा रामदेव के भव्य मेले की तैयारियां जोरों शोरो पर है। हर वर्ष समस्त ग्रामवासियों एव श्री राम नवयुवक मंडल के सहयोग से श्री बाबा रामदेव जी महाराज के भव्य मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाता है।सरपंच प्रतिनिधि लाम्बाखोह विक्रम सिंह हाड़ा ने बताया कि मेले का आयोजन 6 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक होगा।जिसमे विभिन्न तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टूबर 2025 बुधवार को शाम 5 बजे आकर्षक झांकियो के साथ बाबा रामदेव की शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला प्रांगण में पहुंचेगी। शोभा यात्रा में बजरंग व्यायाम शाला, सिंगोली (म.प्र.) के पहलवान अखाड़े का प्रदर्शन करेंगे। मेला प्रागण में शाम 8:00 बजे बून्दी के शोरगारो द्वारा बनाये गये 51 फूट ऊँचे भैरव राक्षस का वध श्री बाबा रामदेव जी महाराज के द्वारा किया जायेगा, जो कि इस मेले का मुख्य आकर्षण है। भैरव राक्षक दहन से पहले अकर्षण आतिशबाजी की जावेगी । यह आयोजन सम्पूर्ण हाड़ौती क्षेत्र में मात्र लाम्बाखोह में होता है।सरपँच प्रतिनिधि विक्रम सिंह हाड़ा ने सभी जिले वासियों क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक मेले में आकर मेले का लुत्फ लेने और इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण क्षेत्रों को मिली बसें, दिल्ली-नोएडा रूट पर चल रहीं, चालक-परिचालक पर पड़ी लताड़

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिलीं रोडवेज की 50 में से 20 नईं बसें दिल्ली-नोएडा-कानपुर रूटों पर फर्राटा भर रही हैं। इन रूटों पर बसें बढ़ने से यात्रियों के लोड फैक्टर में कमी आ रही है। इस कारण चालक-परिचालक को अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। परिक्षेत्र के पांच डिपो अलीगढ़, बुद्ध विहार, नरौरा, हाथरस और अतरौली डिपो में कुल 50 नई बसें आवंटित की गई थीं। तहत प्रत्येक डिपो को 10-10 बसें मिलीं थीं। इनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण रूटों पर परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। लेकिन अलीगढ़ और बुद्ध विहार डिपो की 20 बसें ग्रामीण रूटों की बजाय दिल्ली, नोएडा और कानपुर जैसे प्रमुख रूटों पर चल रही हैं। सिर्फ हाथरस, अतरौली और नरौरा डिपो में आवंटित बसें ही निर्धारित ग्रामीण रूटों पर ही चल रही हैं। अलीगढ़ परिक्षेत्र में कुल 430 बसें हैं। यह बसें दिल्ली, नोएडा के अलावा बल्लभगढ़, आगरा, मथुरा, कानपुर, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, बुलंदशहर, मेरठ, फरीदाबाद, मुरादाबाद आदि रूटों पर चलती हैं।

### नुमाइश मैदान में 13 अक्तूबर से सजेगा आतिशबाजी बाजार, आवेदन आए 248, 51 अस्थायी लाइसेंस जारी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में लगने वाले आतिशबाजी बाजार की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार यह बाजार 13 से 22 अक्तूबर तक पूरे 10 दिन चलेगा, जिससे शहर के लोगों को पटाखों की खरीदारी करने का पर्याप्त समय मिलेगा।4 अक्तूबर को सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से इस बाजार के लिए 51 अस्थायी लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं। इनकी संख्या 250 तक पहुंचने की उम्मीद है। सुरक्षा और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण के लाइसेंसों का वितरण 6 अक्तूबर से किया जाएगा। बाजार के लिए अब तक 248 लाइसेंस के आवेदन आ चुके हैं। पिछले वर्ष इस बाजार के लिए कुल 259 लाइसेंस जारी हुए थे। इस बार भी करीब 250 से अधिक लाइसेंस जारी होने की उम्मीद है।सिटी मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता ने बताया कि लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। सभी आवेदकों को निर्धारित सुरक्षा शर्तों के अनुसार ही लाइसेंस उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आतिशबाजी बाजार के मानकों के अनुसार ही विक्रेताओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### कोलकाता की दमदम जेल से दो साइबर अपराधी अलीगढ़ कोर्ट में पेश, साइब ठगी में किए थे तलब

**अलीगढ़ , एजेंसी।** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर आठ लाख की ठगी के मुकदमे में कोलकाता की दमदम जेल में निरुद्ध दो अपराधी 4 अक्तूबर को वारंट पर यहां पेश किए गए। दोनों को अदालत में पेश किया गया। इन पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे का रिमांड वारंट तामील कराया, इसके बाद एक अपराधी को अलीगढ़ जेल दाखिल कर दिया गया, जबकि एक को पश्चिम बंगाल पुलिस ले गई।साइबर थाने में जमालपुर के मो. शाहजेब की ओर से 31 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें शेयर ट्रेडिंग के झांसे में फंसाकर आठ लाख रुपये की ठगी का आरोप था। साइबर थाना टीम की जांच में पता चला कि पश्चिम बंगाल के मध्य ग्राम के साउथ बेकिम पाली हाल कालीपाड़ा बरासत निवासी देवव्रत घोष व मध्य ग्राम कोलकाता के रतन कुंडू ने खाते खुलवाकर उनमें ठगी की रकम मंगाई थी। दोनों साइबर ठगी के मुकदमे में दमदम जेल में थे।दोनों को अदालत में पेश कर अलीगढ़ का मुकदमा तामील कराया गया। इसके बाद रतन को अलीगढ़ जेल दाखिल कर दिया गया, जबकि देवव्रत को पुलिस साथ ले गई। एसएचओ साइबर थाना सुरेंद्र कुमार के अनुसार अब इन दोनों के बयानों के आधार पर विवेचना आगे बढ़ाई जाएगी।

### दामाद को शर्म भी न आई...बीच सड़क पर सास के साथ की ऐसी हरकत, अब तक सदमे में है वो

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के बाह में परिवार न्यायालय में केस किए जाने पर भड़के युवक ने घर में घुस कर सास को बेरहमी से पीटा। चीख पुकार पर पहुंचे बस्ती के लोगों को देखकर वह अपनी बाइक छोड़कर भाग गया। भागते समय सास और पत्नी को जान से मारने की धमकी भी दी है।वैराग्य, टूला बटेश्वर की मीना ने पुलिस को बताया कि 8 साल पहले बेटी शिवानी की शादी नगला खंगर, फिरोजाबाद के मड़वा गांव के संजीव उर्फ मुंडे के साथ हुई थी। दोनों का 6 साल का बेटा लकी है। उत्पीड़न से तंग शिवानी 4 महीने से मायके में रह रही है। परिवार न्यायालय में जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। 24 अक्तूबर को न्यायालय में तारीख लगी है। शुक्रवार की शाम करीब 4-30 बजे दामाद संजीव उर्फ मुंडे घर पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध पर उन्हें जमीन पर पटक कर बेरहमी से पीटा। बेटी शिवानी के साथ घर से बाहर निकल कर शोर मचाया तो बस्ती के लोग पहुंचे।

# काशी में आफत की बारिश: बीएचयू में ऑक्सीजन सिलिंडर लदा वाहन फंसा, इमरजेंसी में घुसा पानी, 136 साल का टूटा रिकॉर्ड



**वाराणसी , एजेंसी।** 136 साल के इतिहास में पहली बार अक्तूबर के 24 घंटे में काशी में 180 मिलीमीटर की बारिश हुई है। बीएचयू के मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 1889 से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के साथ बारिश का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है लेकिन ऐसी बारिश पहली बार हुई है।

जितनी बारिश 24 घंटे में हुई है, उतनी पूरे अक्तूबर में कभी नहीं हुई है। वहीं, बीएचयू अस्पताल में ऑक्सीजन सिलिंडर लदा वाहन जलभराव में फंस गया। इमरजेंसी में भी पानी भर गया। 9 अक्तूबर 1900 में 24 घंटे के दौरान 138.9 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बारिश का यह रिकॉर्ड भी अब टूट गया है। दूसरी तरफ शनिवार को देर रात तक 57 मिमी बारिश हुई है।

मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वाराणसी में कभी अक्तूबर में इतनी बारिश नहीं हुई थी। अब तक का रिकॉर्ड 2013 का रहा है, जब महीने के 31 दिनों में कुल 153.5 बारिश रिकॉर्ड की गई थी। शुक्रवार यानी तीन अक्तूबर को वाराणसी में अक्तूबर के पिछले रिकॉर्ड से 34 मिमी ज्यादा बारिश हुई।

इस अक्तूबर के शुरुआती चार दिनों की औसत बारिश से ये आंकड़ा 2000 गुना ज्यादा है। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बनारस बारिश के सिस्टम के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से में आ गया था। फिलहाल अब रविवार से बनारस में न तो बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

शुक्रवार की बारिश का इतना प्रभाव रहा कि शनिवार को भी बनारस का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6 डिग्री लुढ़क गया। बीएचयू के मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, जो तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए था, वह 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को 15 से 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा में नमी 87 से 100 फीसदी तक रही। शनिवार को भी बनारस में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया था लेकिन 57 मिलीमीटर बारिश हुई।

**पार्किंग में चली बाल रोग विभाग की ओपीडी :** शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू होकर 20 घंटे तक की बारिश में बीएचयू अस्पताल परिसर में जलभराव हो गया। अस्पताल के मेन गेट से ओपीडी, इमरजेंसी तक कमर तक पानी भरा रहा। इससे मरीज और तीमारदार मुश्किल से डॉक्टर तक पहुंच सके।

दो पहिया वाहन पानी में डूबे रहे। बाल रोग विभाग के सामने 100 से ज्यादा ऑक्सीजन सिलिंडर लदी गाड़ी फंस गई। मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस, निजी चार पहिया वाहन बंद हो गए। उधर ट्रॉमा सेंटर के गेट से लेकर अंदर भी पानी भरा रहा। कई मरीजों को लेकर तीमारदार आईएमएस के सामने अस्पताल के गेट पर अंदर बहुत देर तक खड़े रहे।

बाद में बाहर निकलकर एमएस आफिस होते हुए मोर्चरी के रास्ते इमरजेंसी जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो यहां भी पानी भरा रहा। बहुत मुश्किल से मरीज, तीमारदार इमरजेंसी तक पहुंच सके। जिस सीसीआई लैब जांच काउंटर पर आम दिनों में मरीजों की लंबी लाइन दिखती है, वहां सन्नाटा पसरा रहा।

बाल रोग विभाग में शनिवार को प्रो. सुनील कुमार राव की ओपीडी थी। लिहाजा वह समय से किसी तरह पानी में घुसकर विभाग पहुंचे। कुछ मरीज बाहर ही खड़े थे। लिहाजा डॉ. अनिल कुमार सरोज के सहयोग से पार्किंग में ही कुर्सी पर बैठ गए। आईएमएस निदेशक प्रो. एसएन संखवार ने बताया कि बीएचयू अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर परिसर में जलभराव को लेकर कई बार इंजीनियरों से बातचीत हुई है। चेतावनी दी गई है, जिससे कि फिर इस तरह की घटना न हो। बारिश ने यातायात व्यवस्था को भी डूबो दिया। सड़क पर जलभराव ने वाहनों की रफ्तार रोक दी। शनिवार सुबह बरेका अंडरपास में जलभराव के चलते दोनों तरफ रस्सी से बैरिकेड कर रास्ता बंद किया गया। प्रवेश और निकास द्वार पर रस्सी और पेड़ की टहनियां रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया, ताकि कोई वाहन या व्यक्ति गलती से प्रवेश न कर जाए।

सुंदरपुर रोड पर कैंसर अस्पताल के सामने सड़क पर गिरे पेड़ के चलते दिन भर नरिया की ओर जाने वाले वाहनों की कतार रही। लंका मालवीय चौराहे पर जलभराव के चलते बीएचयू गेट से आवाजाही करने वाले वाहन फंस गए। सामनेघाट, भगवानपुर और लौटूवीर में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुंदरपुर-नरिया मार्ग पर कैंसर अस्पताल के सामने हनुमान मंदिर के बगल में पाकड़ का पेड़ गिर गया। शनिवार को रास्ते पर दोपहर बाद तक जाम लग रहा।

जिले में शुक्रवार सुबह से लेकर देर रात तक लगातार बारिश की वजह से शनिवार को सुबह अवकाश नहीं होने के बाद भी विद्यालय नहीं खुले।

## एमएलसी चुनाव 2026: मतदाता बनने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन



**आगरा, एजेंसी।** शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदाता बनने के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। 6 नवंबर तक ऑनलाइन और तहसील, ब्लॉक व नगर पंचायत कार्यालय पर फॉर्म जमा होंगे। 30 दिसंबर तक अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। फरवरी 2026 में आगरा खंड शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य का चुनाव हो सकता है।

आगरा शिक्षक और स्नातक खंड में 12 जिले शामिल हैं। आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, एटा, हाथरस, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, औरैया, अलीगढ़, मैनपुरी और कासगंज के शिक्षक व स्नातक खंड की दो सीट पर चुनाव होगा। आयोग ने मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह को दोनों निर्वाचन क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर बनाया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम सिटी यमुनाधार चौहान ने बताया कि 1 नवंबर 2025 को अर्हता पूरी करने वाले शिक्षक और स्नातक 6 नवंबर तक मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

स्नातक मतदाता बनने के लिए निर्वाचन क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है। एक नवंबर 2025 से तीन वर्ष पूर्व स्नातक या समतुल्य अर्हता रखता हो, वह स्नातक मतदाता बन सकता है। इसी तरह 1 नवंबर 2025 से छह वर्ष के अंदर कम से कम 3 साल के लिए राज्य में शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षक मतदाता बन सकते हैं। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा सभी तहसील, ब्लॉक, नगर पालिका एवं निर्धारित मतदेय स्थलों पर आवेदन फॉर्म जमा किए जा सकते हैं।

## अनियमितता और भ्रष्टाचार पर ब्रजेश पाठक सख्त; कन्नौज, रामपुर व चित्रकूट के सीएमओ के खिलाफ जांच के आदेश



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी भ्रष्टाचार व अन्य मामलों में फंस गए हैं। इसमें कन्नौज, रामपुर और चित्रकूट के सीएमओ शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष को इन सभी मामलों की जांच कराके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

कन्नौज के सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता के खिलाफ उप मुख्यमंत्री को कई तरह की शिकायतें मिली हैं। उन पर आरोप है कि जिले में उपकरणों एवं दवाओं की खरीद की निविदा चहेती फर्मों को दिया गया। ऐसे ही रामपुर की सीएमओ डॉ. दीपा सिंह पर आरोप है कि उन्होंने बागपत में एसीएमओ के पद पर रहते हुए पीसीपीएनडीटी एक्ट का दुरुपयोग किया। इससे अल्ट्रासाउंड सेंटरों में भ्रूण के लिंग जांच को बढ़ावा मिला।

इसी तरह अक्सर मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की शिकायत पर डिप्टी सीएम ने चित्रकूट के सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन पर उच्चादेशों की अनदेखी और दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के भी आरोप हैं। अमेठी जिले के जगदीशपुर सीएचसी के स्थानांतरित चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी के मुसाफिरखाना सीएचसी पर कार्यभार ग्रहण न करने पर इनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में रोकी तीन वेतन वृद्धि

श्रावस्ती जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. डीके गुप्ता पर महोबा जिला चिकित्सालय में तैनाती से लगातार निजी प्रैक्टिस भत्ते (एनपीए) लेते हुए प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप लगे थे। शिकायतों की जांच में आरोप सही पाए गए। डिप्टी सीएम ने डॉ. गुप्ता की तीन वेतन वृद्धियां स्थायी रूप से रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी प्रैक्टिस भत्ते की वसूली ब्याज सहित करने के निर्देश दिए हैं।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महानगर सपा की मासिक बैठक संपन्न

**-वरिष्ठ समाजसेवी संजय कुमार महानगर उपाध्यक्ष किए गए मनोनीत**

**-नव मनोनीत महानगर उपाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया**

**संजय कुमार**



**गोरखपुर** -समाजवादी पार्टी के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर महानगर सपा की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी की अध्यक्षता में हुई संचालन महानगर महासचिव बृजनाथ मौर्य ने किया बैठक में बुथ की मजबूती वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने गलत नाम कटवाने तथा संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई तथा अपने सैकड़ों साथियों के साथ बसपा छोड़ समाजवादी पार्टी की लखनऊ में सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत गोरखपुर पार्टी कार्यालय पहुंचे बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी भारती व बसपा पूर्व प्रत्याशी खजनी विद्यासागर उर्फ छोटू का जोरदार स्वागत महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी सहित उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया तथा पार्टी के अति वरिष्ठ नेताओं पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रहलाद यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष जफर अमीन डक्कु, पूर्व महानगर अध्यक्ष इनामुल्लाह खान , पूर्व पार्षद सत्यनारायण गुप्ता एवं कार्यालय प्रभारी मैना भाई को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर व नेताजी मुलायम सिंह यादव की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी काजल निषाद को महिला नेत्रियों द्वारा शाल ओढ़ाकर माला पहनाकर व नेताजी मुलायम सिंह यादव की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया तथा नव मनोनीत महानगर उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से 2027 में बुथ मजबूत कर सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने कहा कि बसपा छोड़ कर सपा में आए पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी भारती व बसपा पूर्व प्रत्याशी विद्यासागर उर्फ छोटू को अपने सैकड़ों साथियों के साथ पार्टी में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी वहीं आज अति वरिष्ठ नेताओं जिन नेताओं के संघर्षो से पार्टी को मजबूती मिली है उन सभी नेताओं को सम्मानित किया गया है महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए जाग चुका है। पीडीए की एकजुटता के आगे भाजपा का अन्याय, अत्याचार टिकने वाला नहीं है। भाजपा का कुशासन, लूट और भ्रष्टाचार सब जनता जान चुकी है। सन-2027 के चुनाव में भाजपा की दमनकारी, अहंकारी सरकार का सूपड़ा साफ होना तय है। अलोकतांत्रिक, जनविरोधी और अन्यायी भाजपा सरकार के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी महानगर महासचिव बृजनाथ मौर्य जगदीश यादव प्रहलाद यादव जफर अमीन डक्कु काजल निषाद सत्यनारायण गुप्ता इनामुल्लाह खान मैना भाई लालजी भारती विद्यासागर उर्फ छोटू संजय श्रीवास्तव देवेंद्र भुषण निषाद अरविंद शुक्ला इमरान खान राहुल यादव सरिता सोनकर सच्चिदानंद यादव जितेंद्र श्रीवास्तव विनोद यादव एहतेशाम खान एजाज अंसारी विनोद विश्वकर्मा अमर अग्रहरि रामजनम यादव इमरान दानिश भवनाथ बसन्त यादव अनुप यादव ईश्वर फिरदौस आलम अविनाश तिवारी चर्चिल अधिकारी मोहम्मद अख्तर अमित शर्मा आफताब निजामी सईद खान सन्तोष यादव गणेश पासवान विकास चौहान खुद्दुस अली दुर्विजय मौर्य वी डी अंसारी रामकृपाल यादव शिव प्रसाद यादव रामवृक्ष मौर्य मनीष यादव महेंद्र यादव राहुल मिश्रा आदि मौजूद रहे.

## अकराबाद सीएचसी: बहू पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगी थी, सास को आया हार्ट अटैक, हुई मौत, होगी जांच

**अलीगढ़ , एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद में 4 अक्तूबर को बीमार सास को लेकर उपचार कराने पहुंची बहू पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगी थी, करीब आधा घंटा उन्हें लाइन में लगे हुए हो गया। इस दौरान सास रामा देवी (75) की तबीयत और बिगड़ गई। उन्होंने अस्पताल की सीढ़ियों पर बैठे-बैठे ही दम तोड़ दिया।यह घटना कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई।

मरने वाली महिला रामा देवी गांव करहला की रहने वाली थी। उनकी पुत्रवधू गीता देवी ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनकी सास की तबीयत खराब थी। उन्हें चक्कर आ रहे थे, बीपी भी लो हो रहा था। 4 अक्तूबर दोपहर को वह उन्हें दवा दिलाने के लिए लाई थी। यहां स्टाफ ने कहा कि पहले पर्चा बनवाकर लाओ। उस समय पर्चा बनवाने वालों की लाइन लगी थी और वह भी उसमें लग गई। करीब आधा घंटा उन्हें लाइन में लगे हुए हो गया।

सास को उसने अस्पताल की सीढ़ियों के पास बैठा दिया था। अचानक उनकी सास बैठे-बैठे गिर गई। हल्ला मचा तो बाद चिकित्सक और स्टाफ दौड़ा और उनका चेकअप किया लेकिन तब तक उनकी सांसें थम गई थीं। परिजनों का आरोप है कि पहले गंभीर हाल मरीज को उपचार दिया जाना चाहिए था या पर्चा बनवाना जरूरी था जितना समय पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे हो गया, यदि उतने में उपचार शुरू कर दिया गया होता बुजुर्ग रामादेवी की जान बच सकती थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विकास रघुवंशी ने बताया कि महिला को हार्ट अटैक आया, महिला सीढ़ियों पर गिर गई थी, उन्होंने तुरंत रेफर स्लिप भी बनाई थी, लेकिन परिजन उन्हें लेकर चले गए। उधर, घटना की सूचना पर परिवार के अन्य लोग भी सीएचसी पर पहुंच गए और रामा देवी शव को घर ले गए हैं।

# आज भी प्रासंगिक है गुरु तेग बहादुर जी की शहादत का संदेश: सलमान खुर्शीद

### जयपुर में आयोजित हक-ए-अमन कॉन्फ्रेंस नवें गुरु के शहीदी दिवस को समर्पित



**जयपुर।** सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत की स्मृति में जयपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सम्मेलन हक-ए-अमन कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन क्टउफ(इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स), ऑल इंडिया पीस मिशन, दलित मुस्लिम एकता मंच राजस्थान, केंद्रीय सिंह सभा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा भारत को ऐसा देश बनाना होगा जहाँ हर वर्ग सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। निदोर्षों को जेल में डालना और गरीबों के घर तोड़ना लोकतंत्र का रास्ता नहीं हो सकता। उन्होंने आयोजकों को सफल सम्मेलन के लिए बधाई दी।

विशेष अतिथि जस्टिस रंजीत सिंह (पूर्व जज, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट) ने कहा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत केवल धर्म के लिए नहीं, बल्कि अत्याचार के खिलाफ न्याय की आवाज थी। उन्होंने सरकारों से अल्पसंख्यकों के साथ समान व्यवहार और न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। केंद्रीय सिंह सभा के अध्यक्ष प्रो. श्याम सिंह ने सिख इतिहास के ध्रुवीकरण और विकृतिकरण पर चिंता जताई, वहीं मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने कहा हम अपने गुरुओं और पैगम्बरों की शिक्षाओं को भूल रहे हैं। अन्याय के खिलाफ चुप्पी तोड़ना अब जरूरी है। जस्टिस इकबाल अंसारी (पूर्व मुख्य न्यायाधीश, पटना हाईकोर्ट) ने कहा जालिम का कोई धर्म नहीं होता। सभी मजलूमों को एकजुट होकर अत्याचार के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

**सम्मेलन के प्रमुख प्रस्ताव**

1,वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को पूरी तरह अस्वीकार करने और सुप्रीम कोर्ट से इसे रद्द करने की मांग।

2,उत्तर प्रदेश में गरीबों के घर तोड़े जाने और निर्दोष युवाओं को फंसाने पर कड़ी आपत्ति; गिरफ्तार धार्मिक नेताओं की रिहाई की मांग।

3,राजस्थान धर्मांतरण बिल को संविधान विरोधी बताकर निरस्त करने की मांग।

4,राजस्थान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के गठन को तत्काल प्रभाव से लागू करने की अपील।

सभा में निर्णय लिया गया कि इसी तरह का अगला राष्ट्रीय सम्मेलन नवंबर 2025 में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया जाएगा। तिथि और समिति की घोषणा शीघ्र की जाएगी। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. दया सिंह, डॉ. आजम बैग (IMCR महासचिव), अब्दुल लतीफ अर्को, प्रो. हरदीप सिंह दिबडीबा, और प्रो. खुशाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक अमीन कागजी, जस्टिस रंजीत सिंह, मौलाना शाहीन जमाली, प्रो. के.के. रद्धू, आईआरएस अधिकारी अकरमुल जब्बार, नज़िमुद्दीन, सुदीप जैन समेत कई प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई और समापन में मेमोरेंडम पेश किया गया, जिसका उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। सभी अतिथियों का शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।

# सविदाकारों ने समिति गठित कर भुगतान नहीं करने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी




**द डेस्प्रिंग**

**सोनभद्र।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित अनपरा में आज श्रीराम होटल इंटरनेशनल में बैठक हुईं जिसमें प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत अनपरा के स्थानीय संविदाकारों ने रविवार को औड़ी मोड़ स्थिति एक होटल मे प्रेस वार्ता आयोजित कर सविदाकार समिति का गठन करते हुए विगत कई माह से जांच के नाम पर भुगतान नहीं करने पर आक्रोश जताते हुए तीन दिन मे भुगतान नहीं होने पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है ' सविदाकारों ने कहा कि गत चार माह से भुगतान नही किया जा रहा है। जिससे सविदाकार आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। अपर जिलधिकारी व नगर प्रशासक अनपरा द्वारा भुगतान को रोका गया है। भुगतान रोके जाने पर संविदाकारों ने तरह-तरह के आरोप लगाये। कहा कि आगामी तीन दिनों के अंतराल में भुगतान नही किया जाता है तो जिला मुख्यालय पर जाकर संबंधित सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंप प्रदर्शन किया जाएगा कहा कि बाहर से आये सविदाकार गुणवत्ता विहिन काम करके अपना सांठ-गांठ बनाकर बिल भुगतान करा ले रहे है। स्थानीय सविदाकारो का जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है उन्होनें मांग किया कि स्थानीय सविदाकारों को कार्य में वरीयता दिया जाय। बैठक में आरोप-प्रत्यारोप को दौर काफी गहमा-गहमी रहा। नगर पंचायत अनपरा शुरू से ही भरस्टाचार को लेकर पूरे प्रदेश मे सुर्खिया बटोर रहा है समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एडीएम द्वारा भुगतान रोका जाना न्याय संगत नही है यदि कराये गए विकास कार्यों मे अनिमियतता है तो किसी भी जांच एजेंसी से खुले में जांच कराकर जल्द भुगतान कराने की पहल की जाय।इस दौरान समिति का गठन किया गया जिसमे संरक्षक बल्केश्वर सिंह, अध्यक्ष आशीष मिश्रा बागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बम शंकर गुप्त, उपाध्यक्ष विकाश वैश्य (बंसी), महामंत्री विनोद गुप्ता, मंत्री अनूप सिंह, संगठन मंत्री प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष पिंटू वर्मा, आय व्यय निरीक्षक पवन बैसवार सहित प्रतिभा,महेश द्विवेदी अजय जायसवाल, संजय विश्वकर्मा बीके सिंह, राहुल गुप्ता ,सतीश दुबे गैमन कनौजिया आदि कार्यकारिणी सदस्य चुने गए '

## सक्षिप्त समाचार

### लखेसरा कच्ची बस्ती के लिए पीने के पानी की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**सुभाष राजवंशी।** प्रीत उदय फाउंडेशन द्वारा लखेसरा कच्ची बस्ती में पानी के लिए व्यवस्था करने के लिए कदम बढ़ाया जिसमें प्रीत उदय फाउंडेशन द्वारा गरीब परिवार रह रहे हैं उनके लिए सरकार द्वारा पानी की व्यवस्था नहीं कराई गई जिसे देखते हुए फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ओर पार्षद छोटा देवी मौर्य वार्ड नंबर 122 जयपुर ग्रेटर को ज्ञापन दिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्दी ही कच्ची बस्ती में पानी की व्यवस्था कर दिया जाएगा फाउंडेशन के पदाधिकारी सचिव केशव उदय कोषाध्यक्ष ताराचंद वर्मा उपाध्यक्ष सुभाष राजवंशी मौजूद रहे

### विशाल जागरण व विशाल भंडारे का होगा आयोजन




**अमित भारद्वाज, राजस्थान।** अलवर रामगढ़ रामगढ़ उपखंड क्षेत्र के ग्राम सादकी बैठक वारिसपुर टोड़ली रामगढ़ में 6 अक्टूबर को विशाल जागरण व 7 अक्टूबर को रात 7:00 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा उसके उपरांत दोपहर 11:00 बजेविशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे प्राप्त जानकारी महंत शुभरामदास जी महाराज ने दी बताया की जवाहर सिंह बैडम गृहमंत्री राजस्थान रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में याद राम राणा जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा नगर विधानसभा होंगे समारोह के आयोजन करता श्री श्री 108 श्री महंत श्री गोकल दास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा

### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का पांचवां दिवस संपन्न



**जयपुर, 5 अक्टूबर।** बेनाड रोड स्थित जी. आर. ग्लोबल अकादमी में चल रही 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता 2025-26 के पांचवें दिवस की स्पधाएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। विजयी छात्र-छात्राओं को पार्षद श्रीमती रश्मि सैनी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रूपाली (कोटा), कोमल गायरी (गिरवा), अंजली चौधरी (जयपुर), सोनाक्षी पंडित (उदयपुर), मुकुल वर्मा (जयपुर), यश वेद (नीम का थाना), शौर्यवर्धन सिंह (उदयपुर) सहित कई खिलाड़ियों ने अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी पर्व मनाया, स्वयंसेवकों ने कस्बे में निकाला पथ संचलन

**-कम से कदम मिलाकर स्वयंसेवकों ने दिया एकता का संदेश**



**रामगढ़ अलवर अमित भारद्वाज, रामगढ़,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाते हुए विजय दशमी उत्सव मनाया। इस अवसर पर कस्बे के प्रमुख मार्गो से स्वयंसेवकों द्वारा पद संचलन निकालकर एकता का संदेश दिया। कस्बे में कई जगह पुष्प वर्षा के सथ स्वागत हुआ। रामगढ़ के रेलवे फाटक के पास मौजूद खेल मैदान में स्वयंसेवकों की एकत्रि करण हुआ। जिसके पश्चात पथ संचलन प्रारंभ हुआ ।खेलमैदान से गुरुद्वारा मोड, तहसील रंगमंच , मेंन बाजार, चौपड़ बाजार, सब्जी मंडी, गौरव पथ से अलवर दिल्ली हाईवे, गोविंदगढ़ मोड, बस स्टैंड होते हुए वापस खेल मैदान आकर समापन हुआ। इस अवसर पर तहसील रंगमंच के समीप समाजसेवी कृष्ण यादव द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। अल्पाहार की व्यवस्था खेल मैदान में की। इस दौरान लक्की कुकरेजा, परमजीत सिंह जिला महामंत्री भाजपा युवा अल्पसंख्यक मोर्चा, ,विजय शेखावत ,गजेंद्र शर्मा ,मोनू सेन, छगन सेन,जीतू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर करने वाली राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी का श्रृद्धांजलि कार्यक्रम हुआ संपन्न





**द डेस्प्रिंग**

**सिंगरौली।** थाना विंध्यनगर परिक्षेत्र में स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तपोवन में आज मध्य प्रदेश भोपाल जोन की क्षेत्रीय निदेशिका एवं बह्माकुमारीज के प्रशासक सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश दीदी जी का भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का कार्यक्रम सिंगरौली जिले के ब्रह्माकुमारीज (विंध्य नगर) के तपोवन परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से तपोवन परिसर एवं बह्माकुमारीज सिंगरौली जिले की संचालिका बी के शोभा दीदी ,सीधी से रेखा दीदी जी ,होशंगाबाद से सुनीता दीदी

सिंगरौली जिले के विधायक भ्राता रामनिवास शाह ,नगर निगम अध्यक्ष देवेंद्र पांडे ,ज्वालामुखी मंदिर के पुजारी श्लोकी प्रसाद मिश्रा एन.टी.पी.सी. के जी.एम. आशुतोष अरोरा,रिलायंस पावर प्लांट के वाइस प्रेसिडेंट भ्राता जितेंद्र प्रसाद जी , एन.सी.एल. बिना परियौजना से युगल किशोर तिवारी जी एवं भोपाल क्षेत्रीय मुख्यालय से बी के सुरेश भाई ,जय भाई , लीला दीदी , जया दीदी ,संगीता दीदी , पारस दीदी भी उपस्थित रहे !सभी अतिथियों ने आदरणीय अवधेश दीदी जी के अंग संग बिताए हुए पलों के अनुभव साझा किए । आदरणीय दीदी जी बहुत ही विशाल हृदय ,विशाल बुद्धि ,परमात्म प्रेम से संपन्न थी ।दीदी जी ने परमात्मा पालना कर लाखों लोगों का जीवन सकारात्मक एवं सात्विक बनाकर परमात्म प्रेम की अनुभूति कराई है !दीदी जी केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं अपितु रूहानी डॉक्टर ,रूहानी टीचर,रूहानी कलाकार ,रूहानी मां भी थी !

सभी उपस्थित जन मानस ने दीदी जी की शिक्षाओं को जीवन में धारण करने की प्रतिज्ञा रूपी श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित किए !दीदी जी की प्यार भरी पालना को याद कर सभी उपस्थित जन के नैनो से अश्रु धारा बह रही थी।

बी.के. शोभा दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया !

साथ ही परमात्मा शिव पिता को एवं दीदी जी को 56 प्रकार का भोग भी स्वीकार कराया गया !उपस्थिति सभी जनमानस को दीदी जी का फोटो फ्रेम ईश्वरीय सौगात के रूप में वितरित किया गया एवं ब्रह्मभोजन भी सभी ने स्वीकार किया। तपोवन परिसर के श्याम। भाई, प्रियंका ,सरिता ,सविता, पिंकी,अंजू,मंजू बहन भी उपस्थित रहे !भोपाल से पधारी लीला बहन ने कुशल मंच संचालन किया ! सभा में लगभग 300 लोग उपस्थित रहे !

# विद्या भारती राजस्थान में सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन संपन्न, मातृशक्ति ने लिया समाज परिवर्तन का संकल्प



**जयपुर।** आदर्श शिक्षा परिषद समिति की तरफ से रविवार, 5 अक्टूबर 2025 को ह्यसप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलनह्व का आयोजन सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर, जवाहर नगर सेक्टर-2, जयपुर में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लेकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री प्रमिला शर्मा, बालिका शिक्षा संयोजिका, विद्या भारती राजस्थान रहीं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति ही समाज का वास्तविक आधार है, जब माताएं संस्कारवान बनती हैं, तभी राष्ट्र सशक्त होता है। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू शर्मा, क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारयुक्त पीढ़ी ही समृद्ध भारत का निर्माण कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कविता साहनी, कॉलेज व्याख्याता, ने की। उन्होंने माताओं से आह्वान किया कि वे समाज में शिक्षा, संस्कृति और नारी जागरण के लिए आगे आएं। सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति ने समृद्ध भारत के लिए सप्तशक्ति जाग्रत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भजन, संस्कार गीत और प्रेरणादायक प्रसंगों की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और मातृशक्ति के इस आयोजन को निरंतर रूप देने का संकल्प लिया।

# शरद पूर्णिमा पर अस्थमा रोगियों को मिलेगी औषधीय खीर

**-सेठ लक्ष्मी नारायण स्मृति संस्थान करेगा आयोजन**

**द डेस्प्रिंग, जयपुर।** सेठ लक्ष्मी नारायण स्मृति संस्थान, जयपुर द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर चंद्रमा की शीतल चांदनी से युक्त औषधीय खीर वितरण शिविर का आयोजन सोमवार, 6 अक्टूबर की रात्रि साढ़े दस बजे किया जाएगा। यह आयोजन गोपालपुरा बाईपास स्थित हिण्डोन हाइट्स, निकट थाना महेश नगर पर होगा ।संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाल ने बताया कि यह सेवा शिविर पिछले 55 वर्षों से निरंतर अस्थमा रोगियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा एवं औषधीय खीर वितरण के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस नर सेवा ही नारायण सेवा यज्ञ से अब तक लाखों रोगी लाभान्वित हो चुके हैं ।डॉ. पाल ने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं जिनके कफ में खून आता है, उन्हें यह खीर सेवन नहीं करना चाहिए। रोगियों को इस दिन निराहार रहना होगा, वे केवल मीठे फल, चाय या दूध का सेवन कर सकते हैं ।उन्होंने बताया कि खीर वितरण से पूर्व रोगियों को आवश्यक खानपान व परहेज की जानकारी दी जाएगी। इसके पश्चात पूर्णिमा की चांदनी में शीतल औषधीय खीर का वितरण किया जाएगा। इच्छुक रोगी 9828014018 पर संदेश या फोन द्वारा पंजीकरण करवा सकते हैं।

### ओउमाश्रय सेवा धाम में हुआ यज्ञ, महामृत्युंजय मंत्र की महिमा का हुआ वाचन



**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में आज आयोजित यज्ञ में संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग (बाड़ी वाले) रहे। उनके साथ वाडी से राजकुमार स्वर्णकार, विपिन सोनी, शिव शंकर गौड़ एवं आमरा गौड़ ने सहभागिता की। यज्ञ में सभी ने आहुतियां दीं और महामृत्युंजय मंत्र की महिमा को समझा। कार्यक्रम में बताया गया कि यज्ञमय जीवन का अर्थ शुभ कार्यों में दान, अच्छे कार्यों में सहभागिता, अग्निहोत्र द्वारा पंच तत्वों (अग्नि, वायु, पृथ्वी, जल और आकाश) की पूजा तथा घर के वृद्धजनों की सेवा, सम्मान और सुश्रुषा करना है। प्रवचन में कहा गया कि जैसे पका हुआ खरबूजा सहजता से डाल से अलग हो जाता है, वैसे ही जब जीवन सुगंध और मधुरता से परिपूर्ण होता है, तो बिना कष्ट शरीर रूपी डाल को त्यागकर जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है और आत्मा प्रभु शरण में स्थिर होती है। इसके साथ ही अस्थमा की औषधि लेने जोधपुर निवासी एमिटी यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग छात्र ऋषि असोफा तथा राजकुमार स्वर्णकार (वाडी) ने भी ओउमाश्रय पहुंचकर औषधि ली और आवश्यक परहेज व जीवनशैली निर्देश समझे।

# सीकर में फगेड़िया फ्लावर्स फैक्ट्री का भव्य शुभारंभ, सजावट के क्षेत्र में मिलेगी नई दिशा



सीकर, 5 अक्टूबर। सीकर शहर और आसपास के जिलों की सजावट से जुड़ी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रविवार को भदवासी गांव में फगेड़िया फ्लावर्स फैक्ट्री का भव्य उद्घाटन किया गया। इस फैक्ट्री का शुभारंभ रामेश्वर नाथ द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर सीकर जिले सहित झुंझुनूं, चूरू, नागौर, जयपुर ग्रामीण और अलवर आदि छह से अधिक जिलों से हजारों की संख्या में टेंट हाउस, डीजे, लाइटिंग, इवेंट प्लानर और डेकोरेशन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

फैक्ट्री के उद्घाटन के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता में फैक्ट्री के संचालक शीशराम फगेड़िया ने जानकारी दी कि इस नई फैक्ट्री में कृत्रिम फूलों से लेकर सजावट से जुड़े अन्य सभी उपकरण झ जैसे लाइटिंग सिस्टम, स्टेज डेकोरेशन मटेरियल, गेट्स, बैकड्रॉप्स, सजावटी खंभे व पर्दे आदि झ फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध रहेंगे। इससे स्थानीय डेकोरेटरों को दिल्ली जैसे बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी ।शीशराम फगेड़िया ने यह भी बताया कि अभी तक जिले के अधिकतर डेकोरेशन व्यवसायी अपनी जरूरतों के लिए दिल्ली, जयपुर या अन्य महानगरों का रुख करते थे, जिससे उन्हें न केवल लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, बल्कि अधिक दामों पर सामग्री खरीदनी पड़ती थी। अब इस फैक्ट्री की स्थापना से उन्हें स्थानीय स्तर पर ही उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता की सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। फगेड़िया फ्लावर्स फैक्ट्री का उद्देश्य न केवल सीकर बल्कि आसपास के जिलों के डेकोरेशन व्यवसाय को प्रोत्साहित करना है। इस पहल से इवेंट इंडस्ट्री को नया बल मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। समारोह में उपस्थित डेकोरेटरों और इवेंट आयोजकों ने इस फैक्ट्री की स्थापना को एक स्वागत योग्य कदम बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने कार्य में गुणवत्ता, समयबद्धता और लागत नियंत्रण में मदद मिलेगी। फगेड़िया फ्लावर्स फैक्ट्री की यह शुरूआत सीकर जिले को सजावट के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संपादकीय

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की अधूरी कहानी

समाज में महिला और पुरुषों की आबादी में संतुलन बेहद जरूरी है। देश में बेटियों की कम हो रही संख्या को समान अनुपात में लाने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किए जाते रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना भी इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को रोकना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा बालिकाओं की शिक्षा और शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े कार्यों को गति देना है। बेटियों के लिए यह योजना निश्चित तौर पर बदलाव की वाहक बन सकती है, लेकिन सवाल है कि क्या यह परिणामोन्मुख तरीके से आगे बढ़ पा रही है? महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की हालिया रपट के तथ्यों से तो ऐसा नजर नहीं आ रहा है। रपट में कहा गया है कि इस योजना के तहत पिछले ग्यारह वर्षों में स्वीकृत राशि में से करीब एक तिहाई राशि का इस्तेमाल नहीं हो पाया है। वर्ष 2024-25 (31 दिसंबर तक) में तो सबसे कम करीब तेरह फीसद राशि ही खर्च हो पाई। ऐसे में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसकी सफलता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह सच है कि नई तकनीक अपने साथ चुनौतियां भी लेकर आती हैं। भ्रूण परीक्षण जैसे गैरकानूनी और अनैतिक कृत्य भी तकनीक के दुरुपयोग का ही परिणाम है। देश में लिंगानुपात गड़बड़ाने का एक कारण भ्रूण परीक्षण भी है। हालांकि इस पर कानूनन प्रतिबंध है, लेकिन चोरी-छिपे भ्रूण परीक्षण कराने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। हमारे समाज की रूढ़िवादी मानसिकता भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेटे को प्राथमिकता और बेटियों को परिवार पर बोझ समझने की प्रवृत्ति आज भी मौजूद है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में समाज की इस सोच को बदलने का आह्वान भी सम्मिलित है। इसके क्रियान्वयन में जो लापरवाही देखी जा रही है, वह बेहद निराशाजनक है। जब इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया जा रहा है, तो इसका लाभ पात्र बालिकाओं तक कैसे पहुंचेगा? जिस उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी, वह लक्ष्य कैसे हासिल हो पाएगा?

इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। रपट में कहा गया है कि पिछले ग्यारह वर्षों में इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का सौ फीसद इस्तेमाल कभी नहीं हो पाया। यानी संबंधित अधिकारी यह तय ही नहीं कर पाते हैं कि इस राशि को कहां और कैसे खर्च किया जाए। जबकि योजना के मुताबिक, इस राशि का इस्तेमाल लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने, उनमें खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं और शौचालय के निर्माण जैसे कार्यों पर किया जाता है।


**संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है।**

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार

(ललित गर्ग)

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं। संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।




भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की 'स्वदेशी अपनाओ' और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'अंत्योदय' की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का नारा केवल एक सांस्कृतिक या राजनीतिक रंग में न ढल जाए। यह तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश नए भारत की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने-अपने आर्थिक-कूटनीतिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की सम्पूर्णता का उद्घोष केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है।

## शरद पूर्णिमा पर सोलह कलाओं से परिपूर्ण होगा चंद्रमा, क्या है दान और पूजा पाठ का महत्व?

(आयुषी त्यागी)

हिंदू धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इसे कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह वर्ष की वह एकमात्र रात होती है जब चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणें अमृत तुल्य दिव्य गुणों से भरी होती हैं।

शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को है। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण होकर अमृत वर्षा करता है। इसे कोजागरी पूजा भी कहते हैं। मान्यता है कि मां लक्ष्मी इस दिन धरती पर भ्रमण करती हैं और प्रसन्न रहती हैं। उनकी पूजा और मंत्र जप से मनचाही इच्छाएं पूरी होती हैं, जिससे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

शरद पूर्णिमा का व्रत हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि को रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण रहता है। चंद्रमा इस दिन अपनी किरणों से अमृत की बरसात करते हैं। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूजा भी कहा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन जिस भी चीजों पर भी चंद्रमा की किरणें पड़ती हैं उसमें भी अमृत का संचार हो जाता है। इसलिए इसे शरद पूर्णिमा की रात कहा जाता है।



### कब है शरद पूर्णिमा 2025 ?

पूर्णिमा तिथि का आरंभ 6 अक्टूबर को दोपहर में 12 बजकर 24 मिनट पर होगा और पूर्णिमा तिथि 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 18 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार, पूर्णिमा तिथि जिस समय शाम के वक्त होती है उस दिन पूर्णिमा का व्रत किया जाता है। इसलिए शरद पूर्णिमा का व्रत आदि 6 अक्टूबर को किया जाएगा।

### शरद पूर्णिमा यानी मां लक्ष्मी

शरद पूर्णिमा यानी मां लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी सबसे प्रसन्न मुद्रा में रहती हैं। सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होने का त्योहार है। माना जाता है कि इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से मनचाही इच्छा पूरी होती है। इस दिन मां लक्ष्मी के मंत्रों के जप करने चाहिए ओम श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः। शरद पूर्णिमा के दिन इस मंत्र का जप घर में जरूर करना चाहिए।

### शरद पूर्णिमा का महत्व

शरद पूर्णिमा की रात को विशेष माना जाता है। क्योंकि, चंद्रमा अपनी पूरी चमक के साथ निकलता है। ये किरणें मन को शांति देती हैं। शरीर को ताजगी और ऊर्जा से भर देती हैं। ऐसा कहा जाता है कि मां लक्ष्मी इस दिन धरती पर आकर भ्रमण करती हैं। जो व्यक्ति इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करता है उसकी सारी इच्छाएं पूरी होती हैं।

यह पर्व विशेष रूप से मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और चंद्र देव को समर्पित है। मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो भक्त जागरण कर पूजा करते हैं, उन पर उनकी कृपा बरसती है। इस दिन पूजा-पाठ के साथ दान का विशेष महत्व होता है।

### शरद पूर्णिमा की तिथि और शुभ मुहूर्त

तिथि - 06 अक्टूबर 2025, सोमवार
पूर्णिमा तिथि का आरंभ - 06 अक्टूबर दोपहर 12:23 बजे
पूर्णिमा तिथि का समापन - 07 अक्टूबर सुबह 9:16 बजे

इस वर्ष शरद पूर्णिमा का व्रत और पूजन 6 अक्टूबर 2025, सोमवार को ही किया जाएगा।

**मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए करें ये दान-** चावल और अनाज का दान - चावल और गेहूं का दान करने से घर में अन्न-भंडार भरे रहते हैं और चंद्र देव व सूर्य देव का आशीर्वाद मिलता है।

**कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरें चिंताजनक**

# गुणवत्ता पर निगरानी रखना सबसे बड़ी जरूरत

**मध्य प्रदेश और राजस्थान से बच्चों की मौतों की जो खबरें आईं, उन्होंने पूरे देश की नींद उड़ा दी है। महज़ खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारी के लिए दी जाने वाली खांसी की दवा, बच्चों के जीवन पर इतनी घातक साबित होगी, इसकी कल्पना भी नहीं की गई थी। पिछले एक महीने में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िले में 9 बच्चों की मौत और राजस्थान के विभिन्न जिलों में 3 बच्चों की मौत ने चिकित्सा व्यवस्था, दवा नियमन और प्रशासनिक सतर्कता, तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ़ किया है कि मध्य प्रदेश से लिए गए 19 सैंपल्स में से 9 की जांच रिपोर्ट में डायथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसी जानलेवा रसायनों की मौजूदगी नहीं पाई गई है। हम आपको बता दें कि यह वही तत्व हैं जिन्होंने 2019 में जम्मू और 2022-23 में गाम्बिया व उज्बेकिस्तान जैसे देशों में भारतीय दवाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर विवाद होते रहते हैं।**

(नीरज कुमार दुबे)

राजस्थान में हालात और भी उलझे हुए हैं। सरकार द्वारा मुफ़्त दवा योजना में बांटी जा रही डेक्स्ट्रोमेथॉर्फ़न-आधारित सिरप लेने के बाद सीकर, भरतपुर और बांसवाड़ा के कई बच्चों में गंभीर लक्षण दिखे, जैसे- उल्टी, चक्कर, बेहोशी और घबराहट। मध्य प्रदेश और राजस्थान से बच्चों की मौतों की जो खबरें आईं, उन्होंने पूरे देश की नींद उड़ा दी है। महज़ खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारी के लिए दी जाने वाली खांसी की दवा, बच्चों के जीवन पर इतनी घातक साबित होगी, इसकी कल्पना भी नहीं की गई थी। पिछले एक महीने में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िले में 9 बच्चों की मौत और राजस्थान के विभिन्न जिलों में 3 बच्चों की मौत ने चिकित्सा व्यवस्था, दवा नियमन और प्रशासनिक सतर्कता, तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि केंद्र सरकार ने साफ़ किया है कि मध्य प्रदेश से लिए गए 19 सैंपल्स में से 9 की जांच रिपोर्ट में डायथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसी जानलेवा रसायनों की मौजूदगी नहीं पाई गई है। हम आपको बता दें कि यह वही तत्व हैं जिन्होंने 2019 में जम्मू और 2022-23 में गाम्बिया व उज्बेकिस्तान जैसे देशों में भारतीय दवाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर विवाद होते रहते हैं।

हम आपको बता दें कि छिंदवाड़ा के परासिया और आसपास के गांवों में अगस्त के अंत से बच्चों में सर्दी-खांसी और हल्का बुखार देखा गया। डॉक्टरों ने उन्हें साधारण खांसी की सिरप और दवाएं दीं। लेकिन कुछ ही दिनों में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी, पेशाब कम होना, शरीर में सूजन और किडनी से जुड़ी जटिलताएं बढ़ने लगीं। नतीजतन, नौ मासूमों की जान चली गई और पांच बच्चे नागपुर में विशेष इलाज के लिए भर्ती हैं।

राजस्थान में हालात और भी उलझे हुए हैं। सरकार द्वारा मुफ़्त दवा योजना में बांटी जा रही डेक्स्ट्रोमेथॉर्फ़न-आधारित सिरप लेने के बाद सीकर, भरतपुर और बांसवाड़ा के कई बच्चों में गंभीर लक्षण दिखे, जैसे- उल्टी, चक्कर, बेहोशी और



घबराहट। इनमें तीन बच्चों की मौत भी हो चुकी है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने भले ही इन मौतों को सीधे दवा से जोड़ने से इंकार किया हो, लेकिन तत्काल प्रभाव से संबंधित कंपनियों की दवाओं की आपूर्ति रोक दी गई है। जयपुर स्थित क्याशंस फार्मा की 19 दवाओं पर रोक इसीलिए लगाई गई क्योंकि कंपनी की दवा गुणवत्ता का रिकॉर्ड पहले से संदिग्ध रहा है। कंपनी के 10,119 सैंपल्स में से 42 घटिया पाए गए थे। देखा जाये तो भारत दुनिया का फार्मेसी हब कहलाता है, लेकिन समय-समय पर घटिया दवाओं के मामले हमारी छवि को धूमिल करते हैं। सवाल यह है कि जब दवा कंपनियों के खिलाफ पहले से संदिग्ध रिपोर्ट थीं, तो उन्हें सरकारी योजनाओं में शामिल क्यों किया गया? साथ ही विशेषज्ञ लगातार कहते आए हैं कि दो साल से छोटे बच्चों को खांसी-जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। लेकिन ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में अक्सर बिना उचित परामर्श के इन्हें दिया जाता है। यही लापरवाही जानलेवा बनती है। केंद्र सरकार ने तो फिलहाल एमपी के सैंपल्स को सुरक्षित बताया है, लेकिन बाकी रिपोर्टें अभी आनी बाकी हैं। जब तक सभी जांच पूरी नहीं होतीं, तब तक कोई भी निष्कर्ष जल्दबाजी होगा। फिर भी राज्यों और केंद्र के बयानों में तालमेल की कमी आम जनता की चिंता बढ़ाती है।

अक्सर देखने में आता है कि ग्रामीण परिवार खांसी-जुकाम को हल्का समझकर बच्चों को अपने आप ही दवाएं दे देते हैं। यहां यह समझना ज़रूरी है कि बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता अलग होती है और कई दवाओं के दुष्प्रभाव घातक हो सकते हैं।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को साफ़ हिदायत दी है कि दो साल से छोटे बच्चों को खांसी-जुकाम की दवाएं न दी जाएं। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश जारी करने होंगे। आगे की राह क्या हो यदि इस पर गौर करें तो सबसे पहला काम यह होना चाहिए कि जिन कंपनियों का रिकॉर्ड खराब है, उनकी दवाओं को सरकारी आपूर्ति श्रृंखला से तत्काल हटाया जाना चाहिए। साथ ही, फार्मा कंपनियों के लिए कठोर ऑडिट और बार-बार टेस्टिंग अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके अलावा, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की भूमिका अहम है, वहां दवाओं के सही उपयोग और खुराक के बारे में स्पष्ट गाइडलाइन दी जानी चाहिए। साथ ही परिवारों को बताना चाहिए कि बच्चों को बिना डॉक्टर की सलाह के खांसी-जुकाम की सिरप न दें। साधारण घरेलू देखभाल जैसे भाप, गर्म पानी और साफ-सफाई कई बार ज्यादा प्रभावी होती है। इसके अलावा, मौत के मामलों पर स्पष्ट रिपोर्ट जनता के सामने समय पर लाना सरकार की ज़िम्मेदारी है, ताकि अफवाहें और डर न फैलें। देखा जाये तो यह केवल छिंदवाड़ा या राजस्थान का मामला नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए चेतावनी है। बच्चों की ज़िंदगी से जुड़ा यह संकट हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हमारी दवा निगरानी प्रणाली उतनी सख़्त है, जितनी होनी चाहिए?

# मंजेश्वरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आत्महत्या रोकथाम एवं तनाव प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज।** मंजेश्वरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ के तत्वावधान में ह्लमानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताहह्व के अंतर्गत आज राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पंचगांव धौलपुर मै आत्महत्या रोकथाम एवं तनाव प्रबंधनह्व विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्या की रोकथाम हेतु विद्यार्थीओ को संवेदनशील बनाना रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ श्री हेमंत शर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा :तनाव और अवसाद किसी भी उम्र में हो सकते हैं, लेकिन यदि समय रहते संवाद और परामर्श उपलब्ध हो तो आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है। सकारात्मक सोच, संवाद और सहयोग ही मानसिक स्वास्थ्य की नींव हैं ह्लआत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक स्थायी नुकसान है। यदि हम संवेदनशील होकर समय रहते संवाद करें तो कई अनमोल जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।जीवन की चुनौतियाँ हर किसी के हिस्से में आती हैं, लेकिन उनका समाधान आत्महत्या नहीं, बल्कि संवाद, सकारात्मक सोच और सहयोगी माहौल है। आत्महत्या रोकथाम से जुड़े शुरूआती लक्षणों और सहायता उपक्रम एवं हेल्पलाइन नंबरों और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों की जानकारी साझा की गई। साथ की साथ विशेषज्ञ ने बच्चों को तनाव प्रबंधन की तकनीकें जैसे समय का उचित उपयोग, श्वसन अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली, दुसरो एवं खुद से ज्यादा अपेक्षा न करना , दूसरे की जरूरत पड़ने पर मदद लेना, अच्छी नींद , संतुलित भोजन और संवाद का महत्व समझाया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री मदन लाल शर्मा ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उनका कहना था कि अब वे तनाव की स्थिति में संवाद करने और सहायता लेने से हिचकिचाएँगे नही !

आयोजन समिति ने भी संदेश दिया कि ह्लहर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पास के लोगों की मानसिक स्थिति के प्रति संवेदनशील रहे और आवश्यकता पड़ने पर सहयोग का हाथ बढ़ाए ह्व

कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने आमंत्रित अतिथि

को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम में कम्प्यूटर अनुदेशक सुष्मिता सिंह एवं सामाजिक विज्ञान शिक्षक निक्की मीना , आयोजक संस्था का सहयोगी के तौर पर नवीन प्रजापति सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिए उपभोक्ता स्वदेशी अपनाएं : धीरसिंह जादौन



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज,** आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फॉर लोकल सैंपऊ मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं जिला संयोजक वोकल फॉर लोकल धीरसिंह जादौन रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुडडू कुशवाह ने की कार्यक्रम का संचालन बसई नवाब मंडल संयोजक केजी तिवारी ने किया विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष रामविलास जी बघेल रहे कार्यशाला को संबोधित करते हुए धीरसिंह जादौन ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फॉर लोकल के तहत व्यापारी सम्मेलन प्रभात फेरी स्वदेशी मेला नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनी चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्य किए जाएंगे आत्मनिर्भर भारत सिग्नेचर बाल स्वदेशी मेले लगाए जाएंगे स्थानीय शिल्पकारों के कार्य स्थल पर जाकर स्वदेशी उत्पादकों का पार्टी द्वारा प्रचार किया जाएगा घर घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत वोकल फॉर लोकल देश में निर्मित वस्तुओं का सभी प्रयोग करें कार्यशाला में रामहेत कुशवाहा सोबरन सिंह नेताजी एजेंट सिंह परमार होरीलाल हेतसिंह लोधा रामसिंह कुशवाह भगवती प्रसाद शर्मा बच्चू सिंह कुशवाहा आज आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे अन्त में मंडल अध्यक्ष गुडडू कुशवाह ने सभी को धन्यवाद दिया

## ग्लोबल यूथ फाउंडेशन द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**धौलपुर/आशीष शर्मा:** ग्लोबल यूथ फाउंडेशन द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पखवाड़े के उपलक्ष्य में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं जिला प्रभारी भाजपा धौलपुर रामस्वरूप कोली जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में हेमंत कुमार शर्मा तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सतीश तिवारी ने मंच की शोभा बढ़ाई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा राजाखेड़ा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर,पीसी बोहरा,प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ नेता कैलाश सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दुष्यंत शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन टीम में देव पाराशर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ग्लोबल यूथ फाउंडेशन), राज तोमर (जिला अध्यक्ष, ग्लोबल यूथ फाउंडेशन) एवं अर्जुन डागोर (जिला कार्यकारी अध्यक्ष, ग्लोबल यूथ फाउंडेशन) प्रमुख रहे। व्यवस्थापक टीम में प्रदीप शर्मा, भोला शर्मा, अन्नू,लक्ष्मण कुमार शास्त्री, शुभम , विवेक शर्मा ,संजू शर्मा सहित कई युवाओं ने अनुकरणीय व्यवस्था संभाली। यह कार्यक्रम युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

## नशा मुक्ति ही सच्ची आजादी : सिटी कॉन्वेंट स्कूल में छात्रों को दी गई नशे से दूर रहने की प्रेरणा



**सितारगंज:** (दीपक भारद्वाज)नशा एक अभिशाप है, जो युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में धकेल देता है।इसी संदेश को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सिटी कॉन्वेंट स्कूल खटीमा में नशा उन्मूलन एवं नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ितों के लिए जागरूकता एवं कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ वक्ताओं ने छात्रों को नशे के खतरों, उसके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।कहा गया कि आज का युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में तेजी से फंसता जा रहा है, जिससे न केवल उसका स्वास्थ्य बल्कि उसका पूरा भविष्य खतरे में पड़ जाता है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति की अलख जगाना, नशीले पदार्थों के शिकार लोगों को कानूनी सहायता व पुनर्वास सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी साझा की गई ताकि जरूरतमंद लोग कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

शिविर में डॉक्टर देश दीपक गौड़, डॉक्टर सोनाक्षी सक्सेना, विजेता पांडे, संजय शुक्ला, डिप्टी नजीर, पैनल अधिवक्ता सहाना बेगम, कमान सिंह धामी,

## सक्षिप्त समाचार

### शंभुसिंह राठौड़ (आरएएस) को डॉक्टरेट की उपाधि



आबूरोड, माधव विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के इतिहास विभाग के शोधार्थी एवं आरएएस अधिकारी शंभुसिंह राठौड़ को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। उनका पीएचडी शोधकार्य इतिहास विभाग के डॉ. संजय परिहार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। राठौड़ की अंतिम मौखिक परीक्षा पैसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर के सह-आचार्य डॉ. मनोज दाधीच द्वारा ली गई। उनके शोध का विषय मारवाड़ के राठौड़ का इतिहास (धोनग राठौड़ के संदर्भ में) रहा, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में राठौड़ वंश की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भूमिका का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया। अंतिम प्रस्तुति के अवसर पर मानविकी संकाय अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. मोहर्रम अंसारी, राजनीति शास्त्र विभाग से डॉ. विशाल, तथा लाइब्रेरी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक मौजूद रहे। इस अवसर पर माधव विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत एवं शोध अधिष्ठाता डॉ. पवन कुमार ने राठौड़ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### थार चढ़ाकर पुलिस पर हमला करने वाले बदमाश 10 घंटे में गिरफ्तार




**-महिलाओ के भेष में छिपे मिले दोनों आरोपी।**

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल,** मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर थार चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाले दोनों शातिर हमलावरों को दौसा पुलिस ने घटना के मात्र दस घंटे में गिरफ्तार कर लिया। शनिवार देर रात हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया था। पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी बांदीकुई के पर्यवेक्षण में गठित विशेष टीम ने शानदार त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह दोनों आरोपियों को जयपुर जिले के शिवदासपुरा क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल मीना (25) निवासी करोड़ी और संजय मीना (20) निवासी लोटवाड़ा, जिला दौसा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने महिलाओं के कपड़े पहनकर अपना हुलिया बदल लिया था, लेकिन पुलिस की पैनी नजरों से नहीं बच सके। टीम ने घटना में प्रयुक्त काले रंग की थार जीप भी बरामद कर ली है। घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे की है, जब थाना मेहंदीपुर बालाजी के हेडकांस्टेबल कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ खेडा पहाड़पुर स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास झगड़े की सूचना पर पहुंचे थे। तभी थार सवार बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से गाड़ी को तेज रफ्तार में पुलिस दल पर चढ़ाने का प्रयास किया। जाप्ता ने किसी तरह खुद को बचाया, लेकिन आरोपी भागते समय सरकारी बोलेरो (फ्ख29 वअ 8093) पर बार-बार टक्कर मारते हुए फरार हो गए। इस घटना में सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पुलिस महकमे में हलचल मच गई। वारदात की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) की संयुक्त कार्रवाई शुरू की गई। तकनीकी निगरानी, मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की लोकेशन का पता लगाया गया। टीम ने शिवदासपुरा के विलवा इलाके में दबिश दी, जहां दोनों आरोपी महिला वेश में छिपे मिले और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिए गए। मुख्य आरोपी राहुल मीना एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ बांदीकुई, रामगढ़ पचवारा और मेहंदीपुर बालाजी थानों में अपहरण, लूट, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट जैसे संगीन अपराधों के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी अभियान में डीएसटी प्रभारी प्रदीप, हेडकांस्टेबल लोकेश शर्मा, बालकेश, राजेंद्र, विशम्बर, घनश्याम, राकेश, जितेंद्र, बृजेश, मोहन, महेश, विनोद और नरेश सहित पुलिस की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि हमले के पीछे की मंशा और संभावित साजिश का खुलासा किया जा सके।

# लेन सिस्टम से परेशान हो रहे ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रक यूनियन पदाधिकारी

## -चंदवाजी से लेकर पावटा तक निरीक्षण कर लिया जायजा





**जयपुर(विनोद धायल)।** पिछले एक महीने से चंदवाजी से लेकर शाहजहाँपुर तक भारी वाहनों को लेन सिस्टम में चलने के निर्देश देकर समझाइश करके पुलिस विभाग ने चालान बनाना शुरू कर दिया है।

लाखों की संख्या में भारी वाहनों के चालान किए गए हैं। बड़ी बात यह है कि एक ही वाहन के कई चालान भी हो चुके हैं। ट्रक मालिकों एवं ट्रक ड्राइवरों के बीच उत्पन्न हो रहे गतिरोध को लेकर रविवार को ट्रक मालिक एवं यूनियन के पदाधिकारी, यूनियन के अध्यक्ष, ट्रांसपोर्टर आदि ने खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पाया की चंदवाजी से लेकर पावटा तक कई जगह पर आवारा पशु खड़े मिले। दूसरी तरफ जो लेन भारी वाहनों के चलने के लिए चिन्हित की गई है उस लाइन में मोटर साइकिल, ट्रेक्टर, लोकल बस एवं कार चलती हुई पाई गई। कई जगह पर सड़क सही नहीं है कई जगह पर लाइन डिमार्केशन नहीं है एवं कई जगहों पर अवैध कट होने की वजह से ट्रक ड्राइवर को ट्रक चलाने में समस्या आ रही है। दुर्घटना का सभी को डर लगता है, ट्रक ड्राइवर भी इंसान है न मारना चाहता है न ही किसी को मारना चाहता है। ना खुद का नुकसान करना चाहता है और ना ही किसी दूसरे का नुकसान करना चाहता है। ऐसी स्थिति में जब उसको हाईवे पर ट्रक चलाते हुए कोई भी अवरोधक दिखता है तो दुर्घटना से बचने के लिए लाइन चेंज करता ही पड़ता है। लेन सिस्टम में चलना दुर्घटना को कम करने का एक तरीका हो सकता है लेकिन इसके लिए केवल भारी वाहनों को ही नहीं जबकि हाईवे पर चलने वाले हर एक वाहन चालक को अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। जुमार्ना कर देने से सिस्टम नहीं बदलेगा इसके लिए हाईवे पर जो अवरोधक है हाईवे पर जो परेशानियाँ ट्रक ड्राइवरों को आ रही है उनको दूर किया जाना चाहिए। जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन का कहना है कि हाईवे पर जो अवैध कट बने हुए हैं उनकी वजह से ट्रक ड्राइवर को अपने चिन्हित लाइन में चलने में समस्या आ रही है। परचून यूनियन के अध्यक्ष रामावतार मोर ने बताया कि हाइवे पर केवल भारी वाहनों के ही लाइन के चालान क्यों किए जा रहे हैं, जबकि कार वाला ,बाइक वाला भी चिन्हित लाइन में नहीं चल रहा है उसमें भी कार्रवाई होनी चाहिए। विश्वकर्मा यूनियन के अध्यक्ष जगदीश चौधरी ने बताया कि जब तक हाईवे पर सिक्स लेन पूरी नहीं बन जाती,पूरे हाईवे का काम निर्माण नहीं हो जाता लेन सिस्टम का चालान करना ट्रांसपोर्टरों के साथ छलावा है। शाहपुरा ट्रक यूनियन अध्यक्ष मुकेश बड़बड़वाल ने कहा कि इस प्रकार लेन सिस्टम में चालान होते रहे और समय रहते है प्रशासन यूनियन संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं ट्रांसपोर्टरों के साथ आपसी बातचीत होकर कोई समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में की ट्रकों का चलाना संभव नहीं है। मनोहरपुर टोल पर टोल कलेक्शन एजेंसी के मैनेजर जावेद खान से मिलकर भी यूनियन अध्यक्षों ने समझाइश और शिकायत की। इस दौरान कृष्ण जागीर राजस्थान महासचिव अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एव विश्वकर्मा यूनियन के सदस्य रणवीर नरेंद्र नवीन, राजेश, उपेंद्र मित्तल, रतन सिंह यादव, योगेश शर्मा एव अन्य साथी मौजूद रहे।

## श्री कल्याण मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में सिलाई प्रशिक्षण आयोजित



**खाटूश्यामजी ।** (विनोद धायल) दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत गोवटी में श्री कल्याण मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में 10 सितंबर को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बालिकाओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षक आरती कुमावत, सरिता और लक्ष्मी ने केंद्र पर पहुंची बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष पिंटू भारतीय (कुमावत) ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।इस तरह के प्रशिक्षण से वे स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकेंगी और आर्थिक रूप से मजबूत बन पाएंगी। शिविर में शामिल हुई बालिकाओं में सरिता, रुचिका, शिवानी, रजिया बानो, गुलशन बानो, पूनम, सुमन, रेशमा, सुनीता, पूजा, ज्योति, मनीषा, सोनू, निरमा, करिश्मा और कुमकुम सहित कई अन्य बालिकाएँ उत्साह के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं। संस्थान अध्यक्ष ने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई की बारीकियाँ सिखाई जाएंगी। साथ ही, उन्हें आधुनिक डिजाइन और छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। भविष्य में संस्थान द्वारा और भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाएँ और बालिकाएँ इसका लाभ उठा सकें।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में इस पहल की सराहना की जा रही है। लोगों का मानना है कि ऐसे शिविर न केवल बालिकाओं को हुनरमंद बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम भी हैं।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर कार्यशाला हुई आयोजित

बाड़ी/आशीष शर्मा: आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर भाजपा बाड़ी मंडल की कार्यशाला का आयोजन सब्जी मंडी चौराहा पटवारी का मंदिर मलकपाड़ा पर संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री अनिल गोयल एवं कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में हुई। कार्यशाला का प्रारंभ सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि अनिल गोयल ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर अभियान के तहत हम सभी कार्यकताओं को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तु का उपयोग कर लोगों को प्रोत्साहित करने का कार्य करना है। लोकल टू वोकल अभियान के तहत अपने देश में बनने वाली वस्तुओं का इस्तेमाल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने 25 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में सभी कार्यकताओं को इस अभियान में गति देने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ना है एवं केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों से अवगत कराने की अपील की।

इस अवसर पर श्रीनिवास मित्तल ने सभी कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यशाला में उपस्थित जिला महामंत्री अनिल गोयल,श्रीनिवास मित्तल अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नाजिया खान,चेतन शर्मा, सतीश प्रजापति, गया प्रसाद कुशवाहा, सचिन बंसल, नितिन शर्मा, प्रदीप भारद्वाज, धनंजय शर्मा, रामकुमार कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में स्काउट गाइड मुवाल ने किया सेवा कार्य



**डेगाना नागौर सुशील लोरा,** समाज व समुदाय की मदद करने में स्काउट गाइड हमेशा तत्पर रहते हैं। जहां भी सेवा कार्य करने का अवसर मिलता है वहां राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ डेगाना हमेशा अग्रिम पंक्ति में सेवा कार्य कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हैं। सभी स्काउटरों ने स्व.हरीश जी डूडी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शुभ अवसर पर डेगाना विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमान अजय सिंह जी किलक साहब ने कहा कि एक रक्तदाता चार इंसानों की जान बचा सकता है। रक्तदान सबसे महादान है।इस रक्तदान शिविर का शिक्षकों, मीडिया कर्मियों, और गणमान्य नागरिकों ने सोशल मीडिया के द्वारा प्रचार प्रसार किया। फलस्वरुप इस शिविर में 151 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। डूडी परिवार ने इस प्रथम पुण्य तिथि पर जो रक्तदान शिविर का आयोजन किया वह समाज के लिए एक प्रेरणादायक है। रक्त संग्रहण के लिए जनाना अस्पताल अजमेर की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। इस टीम का कार्य बहुत सराहनीय रहा व डूडी परिवार के द्वारा रक्त संग्रहण टीम का मान सम्मान किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा डेगाना के संरक्षक श्री सुरेश कुमार डूडी ने सभी स्काउटरों को सराहनीय सेवा कार्य करने पर धन्यवाद दिया। इस शुभ अवसर पर सचिन पुनाराम राव, सह सचिव कानाराम पलिया, पुखराज लखारा, गोपाल राम लामरोड़, शंकर लाल मुवाल, शकुन मुवाल ने सेवाएं दी।

## निजी लाभ से लाखों रुपए के राजस्व को हानि पहुंचा रहे है ए आर टी ओ प्रवर्तन

**– ऐश राख गाड़ी बगैर तिरपाल ढके खुलें में परिवहन से प्रदूषण फैलता है**

**–प्रदूषण फैलने से राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है**

**–आर ओ क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र के नकारेपन से फैलते प्रदूषण पर रोक नहीं**

**द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**



**सोनभद्र।** सोनभद्र थाना शक्तिनगर परिक्षेत्र में स्थित बिजली परियोजना और मध्य प्रदेश राज्य जिला सिंगरौली के विंध्यनगर स्थित पावर प्रोजेक्ट के राख बांध से फ्लाई ऐश राख ओवरलोड सैकड़ों गाड़ियां मध्य प्रदेश राज्य जिला सिंगरौली थाना विंध्यनगर से प्रतिदिन भार क्षमता से कई गुना अधिक फ्लाई ऐश राख गाड़ियों को उत्तर प्रदेश में जिला सोनभद्र थाना शक्तिनगर परिक्षेत्र में प्रवेश कर झारखंड जाने की बात कही जाती हैं। शक्तिनगर वाराणसी से पिपरी सड़क मार्ग तक जगह जगह सड़क मार्ग पर पानीयुक्त गीली राख राख गिरने से और कुछ गाड़ियां जिसमें सूखे राख भरे होने से सड़क मार्ग पर गिरने से बाइक सवार राहगीरों को आंखों में मुंह, नाक में राख जाने से प्रदूषण के शिकार बनते है। क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र के जिम्मेदार अधिकारी के नकारेपन से फैलते उड़ते धूल से सड़क मार्ग पर चल रहे राहगीरों को दुर्घटनाओं का शिकार बनना पड़ रहा हैं। समाजसेवी रीता पाण्डेय जिलाध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ - सोनभद्र मानव अधिकार जन सेवा एसोसिएशन ने बताया है ही जितना बड़ा लापरवाह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी हैं उतना ही बड़ा जिम्मेदार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन और पुलिस विभाग है वह जन समस्याओं का अनदेखी कर रहे है।। उन्होंने यह भी कहा हैं कि फ्लाई ऐश राख ओवरलोड गाड़ियों के परिवहन से रिंहद डैम से रेणुकूट तक ओवरलोड फ्लाई ऐश राख परिवहन में लगी गाड़ियां जब सड़क मार्ग पर पलट जाती है या खराब हो जाती हैं तो सड़क मार्ग पर आएदिन लग रहा हैं जाम, जाम में एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने वाली गाड़ी भी फंस जाती है। आखिर ओवर लोड स्थानीय पुलिस शक्तिनगर कार्यवाही करने में विफल क्यों है। परिवहन विभाग महीनों में गाड़ियों के मालिकों से नजरों का नजराना के चक्कर में फंस जाने से उत्तर प्रदेश सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपयों के राजस्व की क्षति निजी लाभ के कारण पहुंचाया जा रहा हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कर्मठ एवं ईमानदार हैं उनके अधिकारी इतने भ्रष्ट हो सकते है स्थानीय जनता बड़ी हैरान हैं और परेशान है कि योगी जी के स्वच्छ छवि को दागदार करने वाले पर कब होगी कार्यवाही।

# लूणा में सेवा पर्व पखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

## शिविर में 470 ग्रामीणों ने ली राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी

**नेमीचंद सोनी डांवर लुणा**

राज्य सरकार द्वारा संचालित सेवा पर्व पंखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर–2025 ग्राम पंचायत लूणा में शनिवार को आयोजित किया गया। शिविर में 470 ग्रामीणों ने आकर राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली और शिविर में लाभार्थियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने पर ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया गया।शिविर प्रभारी सांगसिंह राठौड अति. विकास अधिकारी ने बताया कि बजरंगलाल मीणा तहसीलदार घंटियाली द्वारा लाभार्थी अमराराम व गणेश प्रसाद पुत्र रामाकिशन जाति ब्राह्मण और परमा देवी पत्नी लक्ष्मणराम जाती जाट निवासी लूणा को राज्य सरकार के द्वारा 2025 में राजस्व विभागके संचालित सेवा पर्व पंखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आपसी सहमती से खाताविभाजन में खाता का विभाजन किया जाकर कैंप में मौके पर खातेदारों को लाभ पहुंचाया गया। खाता विभाजन होने पर लाभार्थी खातेदारों द्वारा राजस्थान सरकार काशिविर में बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया। श्रम विभाग और जलदाय विभाग से शिविर में नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों ने जताई नाराजगीशिविर में श्रम विभाग और जलदाय विभाग से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त अधिकारियों पर कार्यवाही करने चाहिए। क्योंकि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में उक्त अधिकारियों के नहीं पहुंचने से इस बात अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि सरकार की योजनाओं को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। जिससे ग्रामीण उक्त विभागों की समस्याओं के समाधान से वंचित रह जाते हैं। इस दौरान ये रहे मौजूद इस दौरान तहसीलदार बजरंगलाल मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी सांग सिंह राठौड़, सरपंच आशा कंवर, ईश्वर सिंह, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी नवीन कुमार बिस्सा, पटवारी स्वरूपराम बिश्नोई, डिस्कॉम जेईएन प्रकाश, कृषि पर्यवेक्षक विजय लता, सूचना सहायक सोमराज सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# महाराज अजमीढ़ जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

केशोरायपाटन(मुकेश जैन): शरदपूर्णिमा महोत्सव पर महाराज अजमीढ़ जयंती पर मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा सोमवार को आयोजन किये जाएंगे जिसमे समाज के मन्दिर पर विधिवत गणेश पूजन होगा शाम को चामुंडा माता मंदिर से देव विमान के साथ शोभा यात्रा निकलेगी जो विभिन्न मार्गो से होती हुई चामुंडा मन्दिर पर पहुंचेंगे समाज जन पारम्परिक वेश में शामिल होंगे जहां भगवान की आरती के पश्चात समाज के बच्चो के सांस्कृतिक व विभिन्न कार्यक्रम होंगे प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# घंटियाली पंचायत समिति के ढाढरवाला ग्राम पंचायत का हुआ उद्घाटन

**नेमीचंद सोनी डांवर लुणा,** नवीन ग्राम पंचायत भवन ढांढरवाला का आज भव्य उद्घाटन सरपंच सुखी देवी जगदीश राम पूनिया के नेतृत्व में हुआ समारोह मुख्य अतिथि विधायक पब्बाराम विश्नोई के द्वारा फीता काट कर किया गयाविधायक ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाएं के बारे में बताया उन्होंने कहा की हर व्यक्ति पिछले पंक्ति में बैठा है उनको योजना का लाभ दिलवाइए उन्होंने कई तरह की योजनाएं बताई बिजली सड़क शौचालय प्रधानमंत्री आवास योजना विधायक ने कहा कि मैं हर समय आपके बीच में खड़ा हूं और खड़ा ही रहूंगा इस दौरान चाखू थाना अधिकारी उक रामेश्वर दयाल ने फ्रॉड के मामले के बारे में आए हुए ग्रामीणों को संदेश दिया कि अगर फ्रॉड हो गया है तो 1930 टोल फ्री नंबर आप कॉल कीजिए आपका पैसा रिफंड दिलवाने की पुलिस की भूमिका रहेगी प्रधान प्रतिनिधि जेपी करीर के द्वारा ढाढरवाला में विकास कार्य के लिए 5 लाख की घोषणा की जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहन राम ने 3 लाख की विकास कार्य के लिए घोषणा की इस कार्यक्रम में उप प्रधान वीर बहादुर सिंह चाखू रामदयाल रतनू दासौड़ी सरपंच संघ अध्यक्ष पूनम चंद बिश्नोई सरपंच गण पूर्व सरपंच भाजपा नेता ईमीलाल नैण ग्रामीण उपस्थित हुए



## सक्षिप्त समाचार

### रानी राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ शताब्दी वर्ष पर बस्ती पथ संचलन निकला



**नगराज वैष्णव,** रानी वार्ड 1 मे पी एम श्री विद्यालय से पंथ संचलन प्रारम्भ हुआ छोटी रानी गॉव से आश्रम होकर डालचंद चौहान की गली होकर बाल्मीकी बस्ती हो कर हनुमान मंदिर प्रागण मे समपन्न हुआ !राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अनुसार देश भर में बस्ती के अनुसार पथ संचलन का कार्यक्रम चल रहा है! रानी नगर के छोटी रानी गांव क्षेत्र से पथ संचलन शुरू हुआ नगर कार्यवाह ने बताया की दिनांक 5 अक्टूबर को दोपहर 3 :00 बजे छोटी रानी गांव के पीएम श्री विद्यालय से पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो बस्ती के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ हनुमान मंदिर प्रताप बाजार में संपन्न हुआ ! जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ! मधुर धवनी मे बैड़ बाजे के साथ कदम ताल करते गण वेश मे मन मोहन दृष्य देखने लायक राष्ट्र भक्ती की भावना जगाते स्वय सेवक इस अवसर पर महंत छोटू महाराज दांतीवाड़ा के संत तथा मुख्य अतिथि डॉक्टर एमएल मेहता !इस अवसर पर विभाग प्रचारक विपुल कुमार बौद्धिक प्रदान किया तथा खंड संघ संचालक डॉ नंदकिशोर की उपस्थिति रहे !

### मांडल पुनाड़िया रोड पर बाइक का संतुलन बिगड़ने से 1 महिला की मौत



**नगराज वैष्णव, रानी स्टेशन।** मांडल पुनाड़िया रोड पर बाइकों का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सवार चार घायलों की सूचना पुनाडीया निवासी यशपालसिंह राजपुरोहित ने रानी समाजसेवी डालचंद मेवाड़ा को दी तो उन्होंने तुरंत रानी से 108 खुमाराम जाट एम्बुलेंस को रवाना किया सरकारी चिकित्सालय पहुंचे उनके साथ सुखदेव सिंह राजपुरोहित सुरेश आर आदिवाल ने घायलों को नीचे उतारा ओर प्राथमिक उपचार चालू करवाया घायलों की पहचान 1 रतनलाल पुत्र राजाराम देवासी निवासी मांडल 2 गुड़िया पत्नी रतनलाल देवासी 3 निर्मल पुत्र चालूराम देवासी 4 संगनी पत्नी संग्राम देवासी के रूप में हुई वहां पर संगनी पत्नी संग्रामराम देवासी मांडल की मृत्यु हो गई रानी थाने सोमेसर चौकी के ए एसआई रमेश मीणा ने मेडिकल रिपोर्ट करवाई बाकी के तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सुमेरपुर रैपर किया गया डॉ राज कुमार शर्मा डॉ अभिषेक कालानी डॉ सतीश पुनिया डॉ देवेंद्र चौधरी धन्नाराम आगरी हरीश कटारिया टीकमचंद कल्पना सिवासिया नर्सिंग स्टॉप गजरा मोबारसा दिनेश राठौड़ ललिता बाई सरकारी चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे

### दुदनी में निकला भद्रेशवर महादेव मंदिर से पथ संचलन बस स्टेण्ड, हनुमान चौक, खेड़ा देवी, भद्रेशवर महादेव, पर समापन



**नगराज वैष्णव,** उपखण्ड बाली क्षेत्र दुदनी मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष 1925–2025 पथ संचलन शाम 5 बजे बसे सम्पत स्थान भद्रेशवर महादेव पुलिस जाप्ता बेडा चौकी प्रभारी तेजसिंह जोधा ,दुदनी बिट प्रभारी बाबूदान, दुदनी मेन बाजार होकर,हनुमान चौक होते हुए खेड़ा देवी मंदिर होते हुए भद्रेशवर महादेव पर पथ संचलन समापन हुआ अतिथि मोरी स्टेशन वाले जय श्री राम भक्त श्री श्री 1008 ॐ भारती महाराज ने व अध्यापक मानाराम देवासी, सेतानसिंह, हितेश भाई,पूर्व सरपंच दिनेश कुमार मीणा, राजेंद्र सिँह वीपीसिँह, रूपाराम देवासी राकेश देवासी तेजसिंह उत्तमसिंह पोमाराम नाथूसिंह गणेश देवासी देश भक्ती बात कही जगह जगह पुष्प वर्षा हुई व्यवस्था की गई ,खेड़ा देवी चौक मे पुष्प वर्षा हुई पथ संचलन महादेव बस स्टेण्ड होते हुए हनुमान चौक मे दोनो एक हि समय एक ही टाईन दोनो का मिलन हुआ कदम ताल करते बैंड की धुन पर आगे पथ संचलन चलता रहा

### किसानों कि अनुदान राशि को लेकर लिखा विधायक को पत्र

**श्रीराम भादू /फलोदी,** घंटियाली पंचायत समिति के समस्त ग्राम पंचायतों के 2023 के अनुदान राशि को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष किशन राव लूणा ने फलोदी विधायक पब्बाराम राम बिश्नोई को अनुदान राशि को लेकर पत्र लिखा राव ने कहा किसानों को अनुदान राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं जल्द से जल्द किसानों के खाते में अनुदान राशि जमा करवाने का निवेदन किया। राव ने कहा समय पर किसानों कि अनुदान राशि नहीं मिली तो हम सभी किसान भाई घंटियाली तहसील मुख्यालय और फलोदी जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ




केशोरायपाटन( मुकेश जैन): उद्योग मंदिर परिवार नेचुरल तेल बीकानेर द्वारा रविवार को व्यापारी एवं हलवाई कैटरर्स का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि होलसेल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश बांगला, खुदरा किराना अध्यक्ष हरविंदर सिंह भाटिया रहे। उद्योग मंदिर एसआर नवल मीणा ने बताया कि नेचुरल मूंगफली तेल एवं रिफाइंड तेल 8 वर्षो से अपनी क्वालिटी को लेकर अपनी ऊंचाई पर पहुंचा। नेचुरल मूंगफली तेल एवं रिफाइंड डीलर विष्णु चित्तौड़ा, गिरधर गोपाल चित्तौड़ा स्वास्तिक ट्रेडर्स केशोरायपाटन ने सभी हवाई कैटरर्स एवं व्यापारियों को धन्यवाद दिया।

# शिक्षक किशन कहार व मनीषा कुमावत राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से हुए अलंकृत

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन):** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर बूंदी जिले से नैनवां ब्लॉक के सरकारी मिडिल स्कूल ताकला के नवाचारी शिक्षक किशन लाल कहार को आचार्य चाणक्य सम्मान,2025व केशवराय पाटन ब्लॉक के सरकारी मिडिल स्कूल राजराजेश्वर रोड केशवराय पाटन की बालिका शिक्षा नवाचारी शिक्षिका मनीषा कुमावत को डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान 2025 से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, बड़ौत बागपत, उत्तर प्रदेश द्वारा मेडिसिटी हॉस्पिटल बड़ौत परिसर में आयोजित कार्यक्रम मेंअलंकृत किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णपाल मलिक राज्य मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि विवेक यादव प्रदेश अध्यक्ष यू पी एजुकेशनल मिनिष्ट्रियल आफीसर्स एसोसियसन,गीता चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बागपत, डॉ.राजेन्द्र कुमार कैंसर रोग विशेषज्ञ, राघवेन्द्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, बागपत, ओमकार शुक्ला संयुक्त जिला निदेशक ,मेरठ मण्डल मंचासीन अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कृष्णपाल मलिक राज्य मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षकों को राष्ट्रनिमार्ता की संज्ञा देते हुए देश के विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ -साथ उत्तम श्रेणी के संस्कारों की भी शिक्षा देने पर जोर दिया।विशिष्ट अतिथि विनित राठी ने शिक्षकों को इम्पोर्टेंट पिल्लर आफ सोसायटी बताकर सभी को शिक्षक की गरिमा व दायित्वों का निर्वहन करते हुए एक सफल राष्ट्र के निर्माण में सफल भूमिका निभाकर एक विकसित सफल राष्ट्र निर्माण करने के लिए निर्देशित किया।राष्ट्रीय संस्थान आई टी मैनेजर सर्वेश तोमर ने बताया कि चौधरी के हर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में संपूर्ण राष्ट्र से लगभग 36 शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें राजस्थान से कुल तीन शिक्षकों का चयन किया गया दो शिक्षक बूंदी जिले से शिक्षक किशन कहार व मनीषा कुमावत रहे ।इनका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयन इनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं विशिष्ट कार्य करने के उपलक्ष में किया गया है ।कार्यक्रम में शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह,शॉल,व इनडोर प्लांट भेंट कर सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



# कोसेलाव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाला पथ संचलन



**नगराज वैष्णव,** कोसे लाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) के कार्यकताओं ने संगठन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक पदयात्रा निकाली। यह यात्रा धूमधाम से आयोजित की गई पदयात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर शनिश्चर मंदिर से वडला चौराहा से मैंन बाजार होकर मैंने बस स्टैंड पर पहुंची जगह जगह पर ग्रामीणों ने फुल बरसाऐ और अंत में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समाप्त हुई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चोकी कोसे लाव प्रभारी हंसराज सेहरा, पुलिस चोकी प्रभारी जसाराम जी जाट पुलिस कांस्टेबल भंवरलालजी मीणा, कमलेश बोस, अशोक जी जाट, गणपत सिंह के साथ पूरे मार्ग पर मुस्तैद रहे इस अवसर पर फर२ वरिष्ठ तुलसाराम चौघरी,खंड कार्यवाह निर्मल सुथार ,मंडल कार्यवाह अशोक ,मुख्य शिक्षक दिपक सुथार विपुल सुथार , मंशाराम भाटी ,सांडेराव मंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक सालूराम, गोपालजी, और अन्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यकर्ता ,व्यापार मंडल अध्यक्ष बलवंत भाई महिपाल सिंह, जोहरसिंह चारण, किरण माली डॉ कमल सिंह, डा मंगन सोलंकी, भबुतगिरी गोस्वामी, सुरेश चौधरी, बालाराम चौधरी, नरेन्द्र सिंह चौहान, भिख सिह, कान्ति लाल चौधरी स्वयंसेवक संघ के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चारागाह जमीन विवाद को लेकर दो गांव के लोग हुए आमने-सामने, तनाव की स्थिति बनी

**– पुलिस ने दोनों गांवों के लोगों को समझाकर किया शांत, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाबंद किया**

**रामकुमार उपाध्याय। रुदावल 5 अक्टूबर ।** ग्राम पंचायत बांध बारैठा और गांव मडपुरिया के बीच 68 बीघा चारागाह जमीन को लेकर चल रहे विवाद से तनाव की स्थिति बन गई। यह जमीन बांध बारैठा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित बताई जा रही है, लेकिन मडपुरिया गांव के लोग इस पर अपना दावा कर रहे हैं। इस विवाद के चलते दोनों गांवों के लोग मौके पर आमने-सामने आ गए। जिससे तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर रुदावल थाना प्रभारी रामरूप मीणा, रेंजर जीतेन्द्र सिंह व बयाना तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जिन्होंने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन ने दोनों गांवों के लोगों को जमीन की यथा स्थिति बनाए रखने व जमीन पर कब्जा नहीं करने तथा शांति व्यवस्था बनाए के लिए पाबंद किया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। बांध बारैठा गांव के लोगों का कहना है कि वर्षो से उनके पशु इसी जमीन पर चरते आ रहे हैं और यहां चामड़ माता और भैरो बाबा की पूजा भी होती है। उनका आरोप है कि मडपुरिया गांव के लोग इस जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। वहीं मडपुरिया गांव के लोगों का कहना है कि यह जमीन उनकी है। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस बल मौके पर तैनात है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



# दुख निवृत्ति का मुख्य साधन है भगवत स्मरण- कार्ष्णि गुरु शरणानंद महाराज

**– 62 वे सत्संग महोत्सव के दूसरे दिन संत महापुरुषों ने दिए अमृतमय प्रवचन**

**रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल 5 अक्टूबर। कस्बे के ढंढार वाले हनुमान मंदिर पर आयोजित 62 वें कार्ष्णि सत्संग महोत्सव में दूसरे दिन रविवार को दूर दराज से आए संत महापुरुषों ने अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को सत्कर्म एवं भगवत स्मरण के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन की सत्संग वेला का शुभारंभ नंदराम व्यास ने गोपाल विलास के पाठ के द्वारा किया। संत महापुरुषों के अमृतमय प्रवचन सुनने के कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण एवं दूर दराज क्षेत्र के श्रद्धालु महोत्सव में पहुंचे। महोत्सव में रमणरेती धाम के महामण्डलेश्वर स्वामी कार्ष्णि गुरु शरणानन्द महाराज ने बताया कि दुख निवृत्ति का मुख्य साधन भगवत स्मरण है। भगवत्स्मरण के पश्चात किया गया कर्म सात्विक व सत्कर्म होता है जिससे मनुष्य का श्रेष्ठ प्रारब्ध बनता है और जीवन कल्याणकारी हो जाता है। मधुरा के स्वामी कार्ष्णि विश्व चैतन्य महाराज ने बताया कि गुरु चरण सेवा एवं गुरु कृपा से मनुष्य भव सागर पार कर कर लेता है। जीवन मुक्त होकर मुक्ति प्राप्त कर लेता है, जो मनुष्य के जीवन का अन्तिम लक्ष्य होता है। वृंदावन के सन्त घनश्यामदास महाराज ने बताया कि ईश्वर की बनाई सृष्टि मयार्दा से युक्त है। यहां सुख और दुख दोनों की अनुभूति सहन करनी पड़ती है। कार्ष्णि महोत्सव के मंच संचालक कार्ष्णि लक्ष्मी नारायण शास्त्री ने बताया कि शरीर और आत्मा मनुष्य के बन्धन और मुक्ति से परे है। मन ही मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का कारण होता है, इसलिए मन को सांसारिक विषयों से दूर करने का प्रयास करना चाहिए। मलूक पीठ वृन्दावन के महाराज धनञ्जयदास ने बताया कि महापुरुषों के सानिध्य व गुण से जीवन प्रकाशमय व धन्य हो जाता है। स्वामी कार्ष्णि अमृतानन्द महाराज ने बताया कि सन्तोष वृत्ति के द्वारा जीवन को शान्तिमय बनाया जा सकता है। तृष्णा ही दुखों का मुख्य कारण है। महोत्सव में पंजाब के शिव चैतन्य मुनि, मोहन लाल पाराशर, ऋषि चैतन्य, कृन्दावन के स्वामी रामशरण दास, महाराज प्रीतमदास, रामानन्द महाराज ने भी अपने अमृतमय प्रवचन दिए।




# सरकारी नौकरी का झांसा देकर 9 लाख हड़पने वाला सरकारी अध्यापक गिरफ्तार

**–अगस्त 2023 से था फरार – सिकंदरा पुलिस की सटीक कार्रवाई से खुला बड़ा ठगी नेटवर्क।**

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल।** सिकंदरा पुलिस ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने वाले एक फरार सरकारी अध्यापक को गिरफ्तार कर ठगी के गहराते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। आरोपी हेतराम मीना (46) पुत्र गंगाराम मीना निवासी टोडानगर, थाना लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर, द्वितीय श्रेणी शिक्षक के पद पर कार्यरत था और अगस्त 2023 से स्कूल से बिना सूचना के गैरहाजिर चल रहा था। पुलिस ने तकनीकी निगरानी व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को कोटा से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी अशोक चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम – जिसमें उपनिरीक्षक फूलचंद, कांस्टेबल वीरेंद्र, अजीत सिंह, नरेंद्र, मुकेश और चंद्रपाल शामिल थे – ने आरोपी को 4 अक्टूबर 2025 को दबोचकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है।

मामले की शुरूआत तब हुई जब ब्राह्मण बैराड़ा निवासी बीना देवी (35) ने न्यायालय सिकराय में इस्तगासा दायर कर बताया कि अप्रैल 2023 में हेतराम उसके घर पहुंचा और खुद को उच्च अधिकारियों से जुड़ा बताते हुए उसके पुत्र व मौसी के बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस झांसे में आकर पीड़िता ने आरोपी को 9 लाख रुपये नकद दे दिए। काफी समय बीतने के बाद न तो नौकरी लगी और न ही रकम लौटी। ठगी का अहसास होने पर महिला ने सिकंदरा थाना में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि हेतराम अपनी सरकारी पदस्थापना का दुरुपयोग करते हुए लोगों को सरकारी नौकरी का लालच देकर ठगी का शिकार बनाता था। वह विभिन्न जिलों में लोगों से रुपये वसूलने के बाद फरार हो जाता था। फरारी के दौरान उसने कई ठिकाने बदले ताकि गिरफ्तारी से बच सके, लेकिन पुलिस ने तकनीकी संसाधनों की मदद से उसकी गतिविधियों को ट्रैक करते हुए उसे कोटा से दबोच लिया।

थानाधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह जांच की जा रही है कि उसने अब तक कितने लोगों से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है तथा किन अधिकारियों के नाम का उसने दुरुपयोग किया।




# महावीर स्कूल रेण की छात्रा दिव्यांशी शेखावत का तीरंदाजी में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**डेगाना सुशील लोरा,** रेन 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता में महावीर शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेण की छात्रा दिव्यांशी शेखावत ने स्वर्ण पदक जीत कर नागौर टीम को चैंपियन बनाया। 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता धौलपुर में 30 सितंबर से 5 अक्टूबर के मध्य आयोजित हुई जिसमें महावीर स्कूल रेन की कक्षा 12 की छात्रा दिव्यांशी शेखावत ने गोल्ड मेडल जीता और राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। छात्रा के स्वर्ण पदक जीतने पर विद्यालय एवं कस्बे के संपूर्ण क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। छात्रा दिव्यांशी शेखावत का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर संस्था निदेशक श्री संदीप चौधरी, सहनिदेशक श्री शंकरलाल साहू, प्रधानाचार्य श्री इंद्रराज बिडीयासर, टीम प्रभारी श्री संदीप बिश्नोई, कनिष्ठ लिपिक श्री रामअवतार डुकिया और समस्त शिक्षकगणो ने आभार जताया और आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# सहायक कर्मचारी का सेवानिवृत्ति समारोह बना यादगार

**ओमप्रकाश प्रजापत**

**बापिणी ।** उपखंड मुख्यालय के रा.उ.मा.वि. में कार्यरत सहायक कर्मचारी फताराम पंचारिया के सेवानिवृति समारोह में झलका विद्यार्थियों व शिक्षकों का स्नेह ।सहायक कर्मचारी पंचारिया ने अपनी ज्यादातर नौकरी इसी विद्यालय में पूर्ण की थी ।पंचारिया का हमेशा विद्यालय समय से पहले ड्यूटी पर आना बच्चों के साथ परिवार जैसा व्यवहार तथा जूनियर या सीनियर शिक्षकों के प्रति उनके सम्मान के कारण विद्यालय परिवार के साथ ग्रामवासी भी हमेशा उन्हें अपना गुरु ही मानते है। उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण ऐसा था कि उन्होंने पूरे कार्यकाल में एक भी अवकाश नही लिया।

उल्लेखनीय है कि पंचारिया बीते 30 सितंबर को अपनी राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद शनिवार को ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ, अभिभावकों ,विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन



कर रिटायरमेंट को यादगार बना दिया ।समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व शिक्षकों के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी सोहनलाल विश्नोई,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जेपी विश्नोई व प्रधानाचार्य तुलछाराम जाणी ने भी समारोह में पंहुचकर उनके प्रेरक कार्यकाल पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ,सैकड़ो ग्रामीणों तथा क्षेत्र के शिक्षाविदों ने गाजे बाजो के साथ रैली के रूप में पैदल चलकर घर तक पंहुचाया।

## शाकाहारी जीवन बिताना जरूरी : मुकेश भगत



**मुंडावर /हवासिंह चौधरी** सोडावास अजरका स्टेट हाईवे 52 पर सराय कला बस स्टैंड के समीप गोलाहेड़ा श्री जोतराम धाम द्वारा सत्संग धर्म कर्म कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। गोलाहेड़ा श्री जोतराम धाम के भगत मुकेश ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा मानवता का विकास करने, अहिंसक व खुशहाल समाज बनाने के लिए नशा रहित शाकाहारी सदाचारी जीवन बिताना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मांसाहार से पशु पक्षियों की हत्या का पाप होता ही है। इसके अतिरिक्त मासाहार से अनेक प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। दूसरी ओर शाकाहार मनुष्य को शांत, चित्र व अहिंसक बनाता है तथा व्यक्ति शाकाहार के कारण जीवन भर स्वस्थ व्यतीत कर सकता है। इसलिए मनुष्य को चाहिए की मांसाहार को त्याग कर प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले शाक सब्जियों व अन्य का आहार ग्रहण करें। जिससे बीमारियों का प्रकोप ना हो। श्रद्धालुओं को ध्यान एवं भजन की मुद्रा में साधना की विधि बताई।

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब ने किया वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

**सुजानगढ़ ।**अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा स्थानीय नया बास स्थित माहेश्वरी भवन में सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ठ कार्यों के लिए पुष्पहार, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला सांख्यिकी अधिकारी विद्याधर पारीक मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जॉन चेयरपर्सन एमजेफ कमल तापड़िया, कोषाध्यक्ष सीए रोहित शर्मा, संयोजक देवकिशन मालपानी मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि विद्याधर पारीक ने कहा कि शिक्षक का सम्मान समाज में इसलिए आवश्यक है ताकि हमारी आने वाली



पीढ़ियों में संस्कारों का विकास हो सके और संस्कारित समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर शिक्षाविद परमेश्वरलाल शर्मा, मोहनलाल सैनी, नंदकिशोर टेलर, बाबूलाल सोनी, राधेश्याम लाटा, गायत्री देवी शर्मा, रामदुलारी सोनी, गीता प्रजापत, सुशीला चौधरी, सुनीता माहेश्वरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रशांत पारीक, कोषाध्यक्ष सीए रोहित शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी, सीए अभिषेक पोद्दार, देवकृष्ण मालपानी, मुरली राठी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, सुनीता रावतानी, मोनिका सोनी आदि ने योगदान दिया। संचालन सुनीता रावतानी, मुरली राठी ने किया।

## सक्षिप्त समाचार

### जवान शंकर प्रसाद जाट उत्तराखंड में सम्मानित



**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ,** सोडावास गांव में पहली क्लास से पढ़े और नौकरी की तैयारी भी यही से कर आईटीबीपी में नौकरी हासिल करने वाले सोडावास गाँव के भांजे एवं करवड गांव के रहने वाले शंकर प्रसाद जाट का साहसिक कार्य करने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मान किया। जवान शंकर प्रसाद ने पिछले दिनों 5 अगस्त को धराली -( उत्तराखंड ) में आए प्राकृतिक आपदा के दौरान साहसिक कार्य किए। वे आइटीबीपी में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। सोडावास गाँव में सम्मानित होने पर ग्रामीणों ने लड्डू बाट कर खुशी जाहिर की।

### माधवदास महाराज के आश्रम में सत्संग की प्रथम वर्षगांठ मनाई

**मुंडावर/ हवासिंह चौधरी,** ग्राम पंचायत सरूण्ड में माधवदास जी महाराज के आश्रम में नियमित एक साल से चल रहे सत्संग कीर्तन की प्रथम वर्षगांठ आयोजित की गयी विश्व हिन्दू परिषद् नारेहडा प्रखण्ड अध्यक्ष रामनारायण विजयवर्गीय ने बताया पिछले वर्ष नवरात्रि में सत्संग कीर्तन व रामधुनी की शुरूआत ग्रामीणों के सहयोग से शुरू किया गया था जिसका शनिवार एक वर्ष सम्पूर्ण होने पर रात्रि जागरण कीर्तन हनुमान चालीसा पाठ किया गया और दिन में पंगत प्रसादी भी वितरित की गयी और कहा की यह रामधुनी व सत्सग हर रोज 1से 2 घंटे नियमित होता है और आगे भी आयोजित किया जाएगा और विजयवर्गीय ने कहा ऐसा ही सत्संग कीर्तन के साथ साथ युवाओं को नशामुक्त रहना चाहिए और धर्म,समाज, मन्दिरो की रक्षा में सहयोग करना चाहिए सत्संग में गिरिराज शर्मा, नेतराम सैनी, मुकेश, भूपेंद्र सिंह, सुभाष सैनी मेडिकल वाला, ज्ञानेंद्र सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे


### मेडकिल स्टोर की दीवार तोड़कर नगदी व दवाइयां चोरी

शक्तिफार्म ।दीपक भारद्वाज टैगोरनगर तीनपानी स्थित एक मेडिकल स्टोर की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी, दवाइयों पर हाथ साफ कर लिया। दुकान स्वामी ने पुलिस को सूचना दी है। ग्राम बैकुंठपुर ग्राम प्रधान विरंची पद वाईन का टैगोरनगर तीनपानी में मेडिकल स्टोर है। शनिवार को रोज की भांति शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया। रविवार सुबह दुकान खोलकर देखा तो कुछ अज्ञात चोरों ने मेडिकल स्टोर की दीवार तोड़कर 50 हजार रुपये नकद, हजारों की दवाइयां और सीसीटीवी के लिए लगे मॉनिटर को अपने साथ ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। मेडिकल स्टोर स्वामी ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी है।

### दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया

**सितारगंज। दीपक भारद्वाज,** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सितारगंज में बीते शनिवार को चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या इतिका त्यागी ने बताया कि समारोह में व्यवसाय फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं विद्युतकार के लगभग 51 प्रशिक्षार्थी ने भाग लिया। यहां अनुदेशक कलागणित उषा, अनुदेशक फिटर प्रताप सिंह मेर, अनुदेशक मैकेनिक मोटर व्हीकल रमेश चंद्र शर्मा, शेर सिंह, शिशुपाल सिंह, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार आदि रहे।

### धौलपुर में सखी वन स्टॉप सेंटर ने गर्भवती महिला की बचाई जान



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज ।** स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा एक गर्भवती महिला की सहायता की गई, जो सफर के दौरान गंभीर स्थिति में पहुंच गई थी। रात्रि 8 :57 बजे महिला हेल्पलाइन पर फोन आते ही केंद्र प्रबंधक गरिमा श्रीवास्तव ने तुरंत मदद शुरू की। महिला ट्रेन नंबर 12122 ट्रेन का नाम मध्यप्रदेश सम्पर्क क्रान्ति के कोच नंबर 52 में यात्रा कर रही थी और उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। धौलपुर में ट्रेन नहीं रुकती, इसलिए केंद्र की टीम ने मानवता के नाते महिला के लिए झांसी से संपर्क किया और ग्वालियर रेलवे लाइन द्वारा सारी चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई। कुछ समय बाद महिला ने स्वस्थ्य पुत्री को जन्म दिया और उसने यह खुशी साझा की कि वह एक नई जंग जीतकर आई है महिला के पति द्वारा क्रेन्द्र प्रबंधक को धन्यवाद दिया गया।

### भारत विकास परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर,35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज।** भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर द्वारा रविवार को पुराने सामान्य चिकित्सालय धौलपुर में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसका उद्घाटन पीएमओ डॉ वी डी व्यास एवं अध्यक्षता डॉ डी के बंसल ने की। दोनों ही अतिथियों ने रक्त दान का महत्व बताते हुए परिषद के सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं सभी रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किए परिषद के अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने बताया कि इस सेवा के अवसर पर प्रांत प्रकल्प प्रभारी राजीव झा,जयंत मोदी, प्रणव मुखर्जी, प्रभारी गोविंद गर्ग, वीनस गर्ग, उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, डॉ हरिओम गर्ग, डॉ दीपेश, डॉ आकाश, दिनेश गर्ग, नरेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मनोज भट्ट, मनोज सिंहल, नरेश गोयल, जयंत मोदी,भारती बंसल उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुराग गर्ग बाड़ी स्टोर वाले एवम उनकी धर्म पत्नी रिया गर्ग ने रक्तदान कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान के समय ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश शर्मा एवं उनके स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा। अंत में अध्यक्ष मुकेश गर्ग एवं उपाध्यक्ष गोविंद गर्ग ने सभी को धन्यवाद दिया

### डेगाना तहसील के किसानों में छाई उदासी



**डेगाना सुशील लोरा ,** डेगाना के आसपास के गांव में फसलों में बारी नुकसान जैसे गांव जालसू नानक जालसू खुर्द तामडोली तिलानस पालियास डेगाना गांव लवादर निम्बडी राजलोता मैरासी जावा सिसोदिया चारणावास कितलसर रावलियास चान्दारुण मिठडिया डेगाना से बहुत से गांव में भयंकर बरसात से नुकसान हुआ है फसल खराब हो गई है अब किसान बेचारा करें तो क्या करें

# सितारगंज में बच्चों में तेजी से फैल रहा टोमेटो फ्लू, स्कूलों में बढ़ी चिंता

**- स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील**

**सितारगंज( दीपक भारद्वाज)।** क्षेत्र में बच्चों के बीच टोमेटो फ्लू (हैंड, फुट एंड माउथ डिजीज झ्एचएफएमडी) का प्रकोप तेजी से फैलता जा रहा है, जिससे अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में चिंता बढ़ गई है। उप जिला चिकित्सालय सहित निजी अस्पतालों में प्रतिदिन चार से पाँच बच्चे बुखार, मुंह और होंठों पर छाले, हाथ-पैरों पर फफोलेदार दाने, गले में दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुँच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार यह संक्रमण विशेष रूप से 9 वर्ष तक के बच्चों में तेजी से फैलता है। बीमारी के शुरूआती लक्षण सर्दी-जुकाम जैसे



लगते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में बच्चे के शरीर पर लाल फफोले और छाले उभर आते हैं, जिससे खाना-पीना और बोलना तक मुश्किल हो जाता है ।बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उप जिला चिकित्सालय प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि टोमेटो फ्लू एक वायरल संक्रमण है, जो समय पर उपचार और देखभाल से 6झ्7 दिनों में पूरी तरह ठीक हो सकता है, लेकिन यह अत्यधिक संक्रामक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि लक्षण दिखने पर बच्चे को तुरंत नजदीकी चिकित्सक को दिखाएँ, एक सप्ताह तक आइसोलेट रखें, और संक्रमित बच्चों को स्कूल या सार्वजनिक स्थानों पर न भेजें। बच्चों को स्वच्छता की आदतें सिखाएँ, बार-बार हाथ धोने और दूषित वस्तुओं से दूर रहने पर जोर दें।

डॉ. यादव ने कहा कि अभिभावकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सतर्क रहकर संक्रमण की श्रृंखला तोड़नी जरूरी है। अस्पताल प्रशासन ने स्कूलों से भी अनुरोध किया है कि वे लक्षण वाले बच्चों की पहचान कर अभिभावकों को सूचित करें। स्वास्थ्य विभाग ने टीमों को अलर्ट पर रखा है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सितारगंज में बढ़ते मामलों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि हर अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा परामर्श लें।

## राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह अभियान



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आज दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन धौलपुर में संजय पुरी कांस्टेबल एवं सुनील कुमार साइबर थाना धौलपुर के द्वारा राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह अभियान के तहत स्कूली बच्चों के क्रिकेट मैच के पश्चात पुलिस स्टाफ, कोच एवं क्रिकेटरों को साइबर अपराधों से बचने के लिए निम्न सुझाव दिए गए। 1.सोशल मीडिया पर हो रहे अपराधों से कैसे बचा जाए एवं सोशल मीडिया अकाउंट्स एवं अन्य अकाउंट के लिए मजबूत पासवर्ड कैसे बनाएं जिसको साइबर अपराधी हैक नहीं कर सके। 2. आजकल टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का साइबर फ्रॉड काफी ज्यादा चल रहा है तो उसके बारे में अवगत कराया ।3. एपीके फाइल फ्रॉड के बारे में बताया गया आजकल व्हाट्सएप या फिर अन्य सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए साइबर अपराधी एपीके फाइल भेज करके मोबाइल का पूरा एक्सेस ले लेते हैं और पीड़ित के साथ साइबर फ्रॉड कर देते हैं तो इस बारे में बताया गया। 4. इनके अलावा अन्य साइबर फ्रॉड की मोड्स ऑपरेंडी के बारे में भी बताया गया और विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को जागरूक किया गया ।5. कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर फ्रॉड की शिकायत कैसे करें इस बारे में बताया गया कि आप 1930 पर अपनी साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कर सकते हो इसके अलावा आप cybercrime.gov.in वेबसाइट पर भी साइबर क्राइम की शिकायत को अपने मोबाइल या लैपटॉप से दर्ज कर सकते हो।

# 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ समापन समारोह

–69वीं राज्य स्तरीय मेडल सेरेमनी : तीरंदाजी प्रतियोगिता में विजेता धनुर्धरों का मेडल से सम्मान

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज राजस्थान तीरंदाजी प्रतियोगिता 17 एवं 19 वर्षीय छात्र एवं छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताओं का मेडल सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक धौलपुर सुक्खो देवी रावत,एडीईओ रमाकांत शर्मा एवं नीरू जैन,राजस्थान तीरंदाजी संघ के महा सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर,उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी रोहिल सरीन,भाजपा नेता कमल पहाड़िया उपस्थित रहे। बाल कल्याण समिति सदस्य माजिद शरीफी एवं संयुक्त सह संचालन सचिव एवं इकरा विद्यालय की निदेशक नरगिस शरीफी ने अतिथियों का बुके एवं माला साफा पहनाकर अभिनंदन किया। अतिथियों ने विजेता धनुर्धरों को मेडल पहनाकर सम्मान किया एवं बधाई दी। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जिले में संपन्न राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के सफल आयोजन की बधाई दी ।अतिथियों ने कोच,निर्णायक एवं टीम मैनेजर व अन्य सहयोगी स्टाफ का सम्मान किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने



प्रतियोगिता समापन की घोषणा की। मंच संचालन अनिल मिश्रा ने किया। 17 एवं 19 वर्षीय इंडियन राउंड 40 एवं 30 मीटर , 30 और 20 मीटर, ओवरऑल, मिक्सड,इंडिविजुअल एलिमिनेशन छात्र एवं छात्रा वर्ग के विजेताओं का मेडल पहनाकर सम्मान डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र सिंह तथा चौब सिंह कुशवाह ने बताया कि 17 एवं 19 वर्षीय इंडियन राउंड 40 एवं 30 मी , 30 और 20 मी, ओवरऑल, मिक्सड,इंडिविजुअल एलिमिनेशन छात्र एवं छात्रा वर्ग के विजेताओं का मेडल पहनाकर सम्मान किया गया ।19 वर्षीय छात्र वर्ग इंडियन राउंड 40 मी में बीकानेर के श्याम सुंदर रामावत को गोल्ड एवं जयपुर प्रथम के शोभित जांगिड़ को रजत एवं पवन कुमार ने कांस्य पदक जीता। 30 मीटर में जयपुर प्रथम के पावन कुमावत को गोल्ड एवं शोभित जांगिड़ को रजत एवं अजमेर के तेजपाल मेघवंशी ने कांस्य पदक जीता। 19 वर्षीय ओवरऑल रैंकिंग राउंड में जयपुर प्रथम के पवन कुमावत ने गोल्ड एवं शोभित जांगिड़ ने रजत तथा श्याम सुंदर रामावत ने कांस्य पदक जीता। अंडर 19 वर्षीय छात्र एलिमिनेशन राउंड में बीकानेर के श्याम सुंदर ने गोल्ड,अजमेर के यशवर्धन ने रजत एवं गंगानगर के ध्रुव ने कांस्य पदक जीता। अंडर 19 वर्षीय छात्र टीम स्पर्धा में अजमेर के यशवर्धन कुमावत,दिलकश बैरवा,तेजपाल मेघवंशी एवं विकास बैरवा की टीम ने गोल्ड जीता एवं जयपुर के पवन कुमावत,शोभित जांगिड़,निशांत शेरावत,अमन लाम्बा की टीम ने रजत तथा बॉयज आर्चरी एकेडमी उदयपुर ने श्रीपाल सिंह,नितिन,प्रवीण सिंह,लव गुर्जर ने कांस्य पदक जीता। 19 वर्षीय छात्रा इंडियन राउंड की 40 मी.इवेंट में गंगानगर के मेताली ने गोल्ड एवं रक्षा ने रजत तथा टोंक की नेहा वैष्णव ने कांस्य पदक जीता। 30 मीटर में बीकानेर की संयोगिता ने गोल्ड,नागौर की निकिता लांछ ने रजत एवं हिमांशी कुमावत ने कांस्य पदक जीता। ओवरऑल रैंकिंग राउंड में गंगानगर की मिताली ने गोल्ड,नागौर की हिमांशी कुमावत ने रजत एवं अजमेर की मनीषा जाट ने कांस्य पदक जीता। एलिमिनेशन राउंड में नागौर की हिमांशी ने गोल्ड,गंगानगर की ईशा ने रजत एवं जोधपुर की एकता वैष्णव ने कांस्य पदक जीता। टीम प्रतिस्पर्धा इंडियन राउंड में नागौर की टीम हिमांशी कुमावत,निकिता लांछ,दिव्यांशी शेखावत ने गोल्ड,गंगानगर की टीम मिताली ,रेखा,ईशा,रक्षा ने रजत पदक एवं टोंक की नेहा वैष्णव, अन्या सिंह, नभ्या मोहन,खुश कंवर ने कांस्य पदक जीता। 17 वर्षीय छात्र छात्रा इंडियन राउंड परिणाम 17 वर्षीय छात्र वर्ग इंडियन राउंड 30 मी में जयपुर द्वितीय के अर्पित बाड़ीवाल में गोल्ड,बीकानेर के हर्षित ने रजत एवं रोहित कुमार ने कांस्य पदक जीता। श्याम सुंदर रामावत को गोल्ड एवं जयपुर प्रथम के शोभित जांगिड़ को रजत एवं पवन कुमार ने कांस्य पदक जीता। 20 मीटर में गंगानगर के मोहित को गोल्ड ,जयपुर द्वितीय के अर्पित बाड़ीवाल को रजत एवं बॉयज एकेडमी डूंगरपुर के विश्वदीपक ने कांस्य पदक जीता। 17 वर्षीय ओवरऑल रैंकिंग राउंड में गंगानगर मोहित ने गोल्ड,जयपुर द्वितीय के अर्पित बाड़ीवाल ने रजत तथा बीकानेर के हर्षित ने कांस्य पदक जीता। अंडर 17 वर्षीय छात्र एलिमिनेशन राउंड में गंगानगर के मोहित ने गोल्ड,हनुमानगढ़ के वासु शर्मा ने रजत एवं जयपुर द्वितीय के अर्पित बाड़ीवाल ने कांस्य पदक जीता। अंडर 19 वर्षीय छात्र टीम स्पर्धा में बीकानेर के हर्षित,रोहित कुमार, आदेश कुमार गोदारा,रामकैलश बिश्नोई की टीम ने गोल्ड जीता। जयपुर द्वितीय के अर्पित बाड़ीवाल ,लोकेश कुमावत,दिव्यांश कुमावत,गिरीश कुमार की टीम ने रजत तथा हनुमानगढ़ की टीम वाशु शर्मा,दर्श राठी,संजय सिंह एवं करणवीर दत्त ने कांस्य पदक जीता।

17 वर्षीय छात्रा इंडियन राउंड की 30 मी.इवेंट में जयपुर की सिमरन चौधरी ने गोल्ड एवं रिया कुमावत ने रजत तथा गंगानगर की आरजू ने कांस्य पदक जीता। 20 मीटर में जयपुर की रिया कुमावत ने गोल्ड, नागौर की प्रिया ने रजत एवं जयपुर की सिमरन चौधरी ने कांस्य पदक जीता। ओवरऑल रैंकिंग राउंड में जयपुर की रिया कुमावत ने गोल्ड एवं सिमरन चौधरी ने रजत तथा नागौर की प्रिया ने कांस्य पदक जीता ।एलिमिनेशन राउंड में गंगानगर की मानवी ने गोल्ड, खेरतल तिजारा की निशु ने रजत एवं जयपुर की सिमरन ने कांस्य पदक जीता। टीम प्रतिस्पर्धा इंडियन राउंड में गंगानगर की टीम लक्ष्मी चौधरी,आरजू,मानविका, शताक्षी ने गोल्ड,जयपुर की टीम रिया कुमावत ,सिमरन चौधरी, योशना कुमावत एवं सौम्या सेन ने रजत पदक एवं जोधपुर की टीम सोनम बोहरा,भाविका जांगिड़, तन्वी शर्मा ने कांस्य पदक जीता ।मिक्सड टीम अंडर 19 में नागौर के मनोज कुमावत एवं हिमांशी कुमावत ने गोल्ड,बीकानेर के श्यामसुंदर रामावत एवं संयोगिता ने रजत तथा गंगानगर के उदयपाल एवं मिताली ने कांस्य पदक जीता। 17 वर्षीय मिक्सड टीम प्रतिस्पर्धा में गंगानगर के मोहित एवं लक्ष्मी चौधरी ने गोल्ड,चूरू के जयदेव महर्षि एवं रौनक ने रजत एवं अजमेर की दीपांशु कोठारी तथा कुमकुम जांगिड़ ने कांस्य पदक जीता। मंच संचालन अनिल मिश्रा ने किया। निदेशालय से प्रतिनियुक्त निर्णायकों में अनीता तावड़, परमेश्वरी चौधरी, नीलम, सावाना, दिनेश कुमावत, नारायण वरांडा, बाबूलाल गमेती, इस अवसर पर शहर काजी, आरएसएस जिला प्रचारक रौनक जी, राकेश परमार,अशोक मीणा,परमवीर सिंह,मनोज शर्मा,चंद्रभान चौधरी,अनु वशिष्ठ,संजीव श्रीवास्तव,अमीरी सिंह,राकेश कुमार,कप्तान सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

# श्याम सहारा परिवार का द्वितीय मासिक कीर्तन, भक्ति और उल्लास से गूंजा दरबार

**-गजानंद महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी हैं**

**-गायक कलाकारों, अतिथि महानुभावों व पत्रकारों का श्याम दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत**

**लक्ष्मणगढ़ - (सीकर) -:** कस्बें में स्थानीय प्राचीन श्याम हनुमान मंदिर द्वारा संचालित श्याम सहारा परिवार का द्वितीय मासिक कीर्तन श्याम प्रेमी लक्ष्मी नारायण चेजारा रिटायर्ड प्रधानाचार्य के नवनिर्मित आवास श्याम कुंज पर बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्याम सहारा परिवार के सुरेश बीबीपुरिया ने बताया कि बाबा की दिव्य ज्योत प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसके बाद भजन गायक विनय तमोली व सवाई सिंह चौहान ने एक से बढ़कर एक भजनों के



माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाते हुए श्रोताओं को झूमने मर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पत्रकार हरीश शर्मा, सिद्धि शर्मा, खुशी पुजारी, सुनील सोनी, पुनीत पाराशर, कुसुम नीलिमा शर्मा सहित स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते-नाचते रहें और वातावरण श्याम भक्ति से सराबोर हो उठा। जहां एक ओर सिंहासन पर विराजे बाबा का दरबार फूलों, गजरों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। वहीं फूलों व इत्र की बरसात ने भक्तों का मन मोह लिया। कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर अर्जुन लाल, चंद्र प्रकाश, विनोद, रामचंद्र, सुशील, पुरुषोत्तम, गिरीश कुदाल, समाजसेवी गिरधारी लाल सैनी, रमेश कुमावत, प्रवीण पुजारी, प्रदीप शर्मा, अंकुर गोयनका, रवि पुजारी, बाल कलाकार विनीत बीबीपुरिया, कमल तिवाडी, धनराज मराठा, पत्रकार अनुराग काछवाल सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित रहें। कार्यक्रम के यजमान बने लक्ष्मी नारायण चेजारा एवं समस्त चेजारा परिवार द्वारा सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश बीबीपुरिया ने किया

# वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत वन भ्रमण एवं बर्ड वॉचिंग गतिविधि की आयोजित



**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज।** वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन जिले में विद्यार्थियों एवं वन कर्मियों के लिए संरक्षण-आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाकर वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य में शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को वन भ्रमण एवं बर्ड वॉचिंग गतिविधि कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक मीणा ने बच्चों को केसरबाग अभयारण्य में पाई जाने वाली पक्षियों एवं अन्य वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की और प्राकृतिक विविधता के संरक्षण के महत्व को समझा। राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग के फील्ड स्टाफ की क्षमता वर्धन हेतु वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चंबल नदी क्षेत्र के जलीय वन्यजीवों जैसे डॉल्फिन, घड़ियाल एवं कछुओं के संरक्षण एवं प्रबंधन के विषय में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों, वन स्टाफ एवं स्थानीय समुदाय में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण भावना एवं सहअस्तित्व की अवधारणा को प्रोत्साहित किया गया।

# अरबाज खान और शूरा के घर बेटी का जन्म



• 58 साल की उम्र में दूसरी बार पिता बने एक्टर

बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा खान के घर रविवार को बेटी का जन्म हुआ है। शनिवार को शूरा को डिलीवरी के लिए मुंबई के पी.डी. हिंदुजा अस्पताल में एडमिट किया गया था। अरबाज इस दौरान शूरा के साथ मौजूद रहे थे। डिलीवरी के चलते शूरा की मां समेत परिवार के कुछ सदस्य भी अस्पताल में पहुंचे। शूरा ने जून में अपनी प्रेग्नेंसी की पुष्टि की थी। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सलमान खान भी इस खुशी के मौके पर अपने परिवार के साथ मनाने के लिए पनवेल फार्महाउस से मुंबई के लिए निकले थे। इसके पहले 29 सितंबर को अरबाज और शूरा ने बेबी शावर का ग्रैंड सेलिब्रेशन होस्ट किया गया था। इसमें करीबी परिवार और दोस्त शामिल हुए थे। सलमान खान भी इस खुशी के मौके पर पहुंचे थे। सलमान की मां सलमा खान, उनके भाई सोहेल और यूलिया वंतूर भी इस इवेंट में नजर आए। वहीं एक्ट्रेस गौहर खान और निया शर्मा भी इस सेलिब्रेशन में शामिल हुईं। 58 साल की उम्र में अरबाज दूसरी बार पिता बने हैं। शूरा से पहले अरबाज की पहली शादी मलाइका अरोड़ा से हुई थी। उनके बेटे अरहान का जन्म 2002 में हुआ था। हालांकि, 2017 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक लिया।

# एण्डटीवी पर होगा गोलमाल!



• दोनों भाई आत्मा खोदी (शरद व्यास) को बुला लेते हैं, जो उनकी शरारती नीयत कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) के सामने खोल देता हैं

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में आने वाली कहानी दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट करने वाली है। आने वाले एपिसोड में हप्पू (योगेश त्रिपाठी) एक बार फिर गड़बड़झाले में फँस जाता है। रात में उनकी मुलाकात टॉमी रिच नामक शख्स से होती है, जो दावा करता है कि गुंडों ने उस पर हमला किया और उसका मोबाइल झाड़ियों में गिर गया। टॉमी मदद की गुहार लगाता है, लेकिन न्योछावर का भारी पैसा साथ ले जा रहे हप्पू शक करते हुए उसे पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह देकर आगे बढ़ जाता है। बाद में हप्पू को उन्हीं झाड़ियों में सोने के गहनों से भरा एक बैग मिलता है। इसे माता रानी की कृपा मानकर वह उस बैग को राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को सौंप देते हैं। मुसीबत तब बढ़ जाती है जब राजेश, बिना हप्पू को बताए, बैग गब्बर (साहेब दास मणिकपुरी) को दे देती है, जो वादा करता है कि गहनों को पिघलाकर सोने की ईंटों में बदल देगा। हंगामा तब मचता है जब हप्पू को पता चलता है कि ये गहने दरअसल टॉमी रिच के हैं और गब्बर का दावा है कि बैग गायब हो गया है! सच्चाई जानने के लिए हप्पू, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) और मनोहर (नितिन जाधव) भैंस का वेश धरकर गब्बर से सच उगलवाने की कोशिश करते हैं। उधर, ऋतिक (आर्यन प्रजापति) और रणबीर (सौम्या आज़ाद) अपने दोस्त हल्के से प्रेरित होकर प्लांचेट करने की कोशिश करते हैं। हल्के ने इसी बहाने कियारा को प्रभावित किया था। दोनों भाई आत्मा खोदी (शरद व्यास) को बुला लेते हैं, जो उनकी शरारती नीयत कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) के सामने खोल देता है। हमेशा की तरह अम्मा अपनी समझदारी से बच्चों को सही रास्ता दिखाती हैं। दूसरी ओर, सोनू (संजय चौधरी) मल्लिका (सोनल पंवार) को प्रभावित करने के लिए इस बार नया पैंतरा अपनाता है। वह 'टिटू' नाम की लड़की के साथ नकली प्रेम-त्रिकोण का ड्रामा रचता है और यहाँ तक कि अपनी जान दाँव पर लगाने का दिखावा करता है।

# धनश्री और अरबाज की दोस्ती में दरार

# भावुक होकर धनश्री बोलीं- मैंने दोस्ती निभाई



रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल की दोस्ती में दरार आ गई है। शो में धनश्री द्वारा अर्जुन बिजलानी को नंबर वन खिलाड़ी बताने के बाद अरबाज उनसे नाराज हो गए। दोनों के बीच बहस होती दिखी और धनश्री रोते हुए भी नजर आईं। शो में धनश्री अरबाज को सफाई देते हुए कहा, "जब आप बेसमेंट में गए थे, तब लोग मुझसे कहते थे अच्छा हुआ वह नीचे गया। मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन फिर भी मैंने आपका साथ नहीं छोड़ा।" इस पर अरबाज ने जवाब दिया, "आपने तो सीधे कह दिया कि अर्जुन मुझसे बेहतर है। मैं ऐसी दोस्ती निभाता हूं कि अगर तुम गलत भी हो, तो भी साथ देता हूं।"

> "अब मैं पीछे हटने का फैसला ले रही हूं"

फिर धनश्री भावुक होकर बोलीं, "मैंने दोस्ती निभाई, लेकिन अगर आपकी यही सोच है तो ठीक है। मुझे लगता है कि मैंने इस दोस्ती के रिश्ते में जरूरत से ज्यादा कोशिश की है, अब मैं पीछे हटना चाहती हूं।" यहां तक बिना नाम लिए धनश्री ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि जब उनका पार्टनर गलत था, तब भी उन्होंने उसका साथ दिया और बाद में पछताना पड़ा, इसलिए अब वही गलती दोहराना नहीं चाहतीं।

शो की शुरुआत में धनश्री की भोजपुरी स्टार पवन सिंह के साथ खास बॉन्डिंग दिखी थी। इसके बाद उनकी और अरबाज पटेल की दोस्ती भी चर्चा में आई। दोनों को अक्सर एक-दूसरे के साथ खेलते और सपोर्ट करते देखा गया, लेकिन हाल ही में धनश्री और अरबाज की दोस्ती में दरार आ गई। दरअसल, शो के चार हफ्ते पूरे होने के बाद सभी कंटेस्टेंट्स से कहा गया कि वे योगदान के आधार पर एक-दूसरे को रैंक करें। इसी टास्क में धनश्री ने अरबाज को नंबर वन खिलाड़ी के लिए वोट नहीं दिया, बल्कि उन्होंने अर्जुन बिजलानी को टॉप पोजिशन के लिए चुना। धनश्री के इस फैसले से अरबाज निराश हो गए और भावुक होते दिखे।

जिसके बाद धनश्री ने अरबाज से पूछा कि क्या वह केवल रैंकिंग की वजह से उनसे बात नहीं कर रहे हैं। इस पर अरबाज ने जवाब दिया, "मैं हमेशा कहता हूं कि अगर मेरे दोस्त सामने खड़े हैं, तो चाहे 10 हजार विकल्प हों, मैं हमेशा अपने दोस्त का नाम लूंगा।" अरबाज की बात पर धनश्री ने कहा, "मुझे लगता है कि कभी-कभी बदलाव लाना जरूरी होता है और मैं अपने फैसले पर अटल रहूंगी।"

# आर्यन खान की सीरीज पर भड़के सुनील पाल



आर्यन खान की डायरेक्टोरियल सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड लगातार चर्चा में हैं। कई विवादों के बीच अब कॉमेडियन सुनील पाल ने सीरीज पर इंडस्ट्री की छवि बिगाड़ने के आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि आर्यन ने उसी इंडस्ट्री को गलत तरह पेश किया है, जिसने उनके पिता शाहरुख खान को सुपरस्टार बनाया है।

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में सुनील पाल ने कहा, 'शो को लेकर जो एक बात सुनने में आई, उससे मुझे दुख हुआ, जिसके मैं खिलाफ हूं। मुझे लगा कि इतने बड़े बाप का बेटा (आर्यन खान) है। इतना बड़ा अच्छा मौका है, नया कुछ करने का मौका मिलेगा उनको। लेकिन उन्होंने भी ट्रेंड में घुस कर गाली गलौज को बहुत प्रमोट किया। मेरी फिल्म आई गाली गलौज जो यूट्यूब पर है। ये मैंने इसीलिए बनाई है कि गाली गलौज मुझे पसंद नहीं। मुझे आर्ट फॉर्म में गाली गलौज पसंद नहीं। कोई झगड़ा कर रहा है, भाई-भाई के झगड़े में भी लोग गाली देते हैं या मोहल्ले के झगड़े में औरतें गाली देती हैं, वो चलता है। समाज में गालियां है इसमें कोई बात नहीं। स्टेज पर अलाउड नहीं है, टीवी पर अलाउड नहीं है, फिल्मों में भी बहुत हद तक अलाउड नहीं था लेकिन अब पता नहीं क्या हो गया।'

आगे उन्होंने कहा, 'देखिए क्या होता है हम आप अगर अपनी बुराई को जस्टिफाई करने आ जाएं तो कसाब भी बोलता था कि मैं गुनहगार नहीं हूं। मेरा कहने का मतलब यह है कि शराब पीना अलाउड है। लेकिन फिर भी शराब पीने को सामाजिक तो नहीं कहा जा सकता। हर शब्द के बहुत सारे ऑप्शंस हैं आपके पास। आप यह क्यों कहते हैं कि भैया गाली गलौज चलता है। चलो मान लिया चलता है लेकिन आप फिर एक तबके के लिए सोच रहे हैं तो बाकी का जो तबका सोच रहा है कि शाहरुख का बेटा आएगा या फलां का कोई बंदा आएगा या कुछ ऐसा आएगा वो कुछ ऐसा करेगा, उनका तो आपने अपमान किया ना। जिस बॉलीवुड ने आपके बाप को इतना बड़ा सुपरस्टार बनाया आज उस बॉलीवुड की बुराई आप इस तरह से कर रहे हो कि उसमें गाली गलौज परोस रहे हो, उसमें बुराई परोस रहे हो, उस बॉलीवुड की वजह से शाहरुख खान है।'

# 'प्रिया सचदेव ने तोड़ा करिश्मा कपूर का घर'



करिश्मा कपूर के एक्स-हसबैंड और बिजनेसमैन संजय कपूर की बहन मंदिरा कपूर ने प्रिया सचदेव पर आरोप लगाया है कि उन्होंने संजय और करिश्मा के रिश्ते को बर्बाद कर दिया। मंदिरा ने यह भी दावा किया कि कपूर परिवार संजय और प्रिया के रिश्ते के खिलाफ था। विक्की ललवानी से बातचीत में मंदिरा कपूर ने कहा, मैं प्रिया और संजय के बारे में तब से जानती थी, जब वह फ्लाइट में मिले थे। मैं इससे खुश नहीं थी। लोलो (करिश्मा ) और मेरा भाई खुश थे। कियान पैदा हुआ था, जिससे मेरा भाई बहुत खुश था। मुझे लगता है कि किसी दूसरी महिला का उस महिला की परवाह न करना, जिसने अभी-अभी बच्चे को जन्म दिया है, गलत है। किसी परिवार में आकर उसे बिगाड़ना गलत है। आप एक खुशहाल शादी को नहीं तोड़ सकते या फिर जो कामयाब होने की कोशिश कर रही हो, उसे भी नहीं। लोलो इसकी हकदार नहीं थी।

मंदिरा ने आगे बताया कि उनका परिवार खासकर पिता सुरिंदर कपूर संजय और प्रिया के रिश्ते के खिलाफ थे। उन्होंने कहा, मैंने गोवा में अपनी मां, पिता, बहन और बहनोई से बात की थी। पिताजी पूरी तरह से प्रिया के खिलाफ थे। उन्होंने कहा वह उससे कभी शादी नहीं कर सकता। मैं कभी उसका चेहरा नहीं देखना चाहता। परिवार में किसी ने भी उनकी शादी का सपोर्ट नहीं किया। लोलो के बच्चे थे उसके पास सब कुछ था। उन्हें यह रिश्ता चलाना चाहिए था। उसे अपने पति के साथ रहने का मौका मिलना चाहिए था।

# एक्ट्रेस श्रेनु पारिख का टीवी पर कमबैक: 'गणेश कार्तिकेय' में निभाएंगी मां पार्वती का किरदार



टीवी शो 'घर एक मंदिर' से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वालीं श्रेनु पारिख जल्द ही सोनी सब के नए पौराणिक शो 'गणेश कार्तिकेय' में माता पार्वती की भूमिका निभा रही हैं। यह शो 6 अक्टूबर से प्रसारित होगा। इस दौरान श्रेनु पारिख ने मीडिया से बातचीत की।

> "कहा- इसे ह्यूमन टच देना चाहा"

**शादी के बाद आपने ब्रेक लिया था। फिर इस शो से कब और कैसे जुड़ीं?**

मैं शादी के बाद ब्रेक पर थी। करीब डेढ़-दो साल हुए थे और तभी सोचा कि अब काम शुरू करना चाहिए। तभी मुझे इस शो से कॉल आया। पहले भी कॉल आया था लेकिन लगा शायद कास्टिंग हो चुकी होगी। इस बार ऑडिशन दिया और बिना ज्यादा रिसर्च किए तुरंत सेलेक्ट हो गई। उसके बाद टीम के साथ कई वर्कशॉप हुए। मुझे साफ कहा गया कि पहले से बनी पार्वती मां की इमेज न देखें, बस अपने अंदाज में निभाएं। मैंने उसमें एक ह्यूमन टच देने की कोशिश की है ताकि दर्शकों को देवी के साथ-साथ मां का रूप भी दिखे।

**जब आपने गेटअप लिया तो सेट पर माहौल कैसा रहा?**

बहुत बार ऐसा हुआ कि सब लोग मुझे देखकर चुप हो गए, जैसे कोई दिव्य आभा महसूस कर रहे हों। एक बार जब मैं काली मां बनी थी तो पूरा सेट सन्न रह गया था। मेरा डॉगी, जो हमेशा मेरे पास रहता है, मुझे पहचान ही नहीं पाया। गेटअप का असर इतना गहरा था कि वो भावनात्मक रूप से थका देने वाला भी हो जाता था। खासकर गणेश जी का सिर कटने वाला सीक्वेंस वो मेरे लिए बहुत इमोशनल था।

**शो में दर्शक आपको किन-किन रूपों में देखेंगे?**

पार्वती मां के बहुत सारे रूप हैं। पहले 10 एपिसोड्स में ही आप मेरी 10 महाविद्याएं देखेंगे। काली का पूरा सीक्वेंस है, जहां वो भयानक युद्ध करती हैं। ये सब रूप एकदम अलग-अलग अनुभव देंगे।

**आपने किरदार के लिए कोई अलग तैयारी या रिसर्च की?**


नहीं, क्योंकि भगवानों पर बनी कहानियों को बदला नहीं जा सकता। इनसे लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं। बस हमने कहानी को नए अंदाज, टेक्नोलॉजी और नए कलाकारों के साथ प्रस्तुत किया है। मेकर्स ने और राइटर्स की टीम ने जो मटेरियल दिया उसी के आधार पर इसे प्ले कर रही हूं।

**देवी का किरदार निभाने में सबसे बड़ी चुनौती क्या रही?**

सबसे कठिन यह रहा कि हर वक्त एक दिव्य आभा के साथ रहना पड़े। कॉस्ट्यूम और ज्वेलरी बहुत भारी होते हैं। साथ ही शुद्ध हिंदी बोलना और हर समय 'देवी' लगना आसान नहीं है लेकिन अब धीरे-धीरे आत्मविश्वास बढ़ गया है और मैं पार्वती मां को समझने लगी हूं।

# बिग बॉस 19 पर भड़के अरमान मलिक:भाई अमल की इमेज बिगाड़ने के आरोप लगाए

पॉपुलर सिंगर अमल मलिक बिग बॉस 19 में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए हैं। हाल ही में उनकी को-कंटेस्टेंट अभिषेक बजाज से लड़ाई हुई और उन पर अश्लील इशारे करते हुए सैक्सुअल कमेंट करने के आरोप लगाए गए। शो के प्रोमों में ऐसे शॉट्स थे, जिनसे अमल की गलत छवि नजर आ रही थी। ये देखकर उनके भाई और सिंगर अरमान मलिक भड़क गए। जिसके बाद उन्होंने शो को टॉक्सिक कहा है। अरमान ने अपने ऑफिशियल X (पहले ट्विटर) अकाउंट से भाई अमल के सपोर्ट में लिखा है, 'वे (मेकर्स) इस तरह प्रोमो एडिट करते हैं ताकि अमाल को गलत दिखाया जा सके और फिर यह छिपा देते हैं कि बाकी लोग उसे कैसे उकसा रहे हैं और बदतमीजी कर रहे हैं। यह सच में पागलपन है। यह शो और इसकी टॉक्सिसिटी बहुत थका देने वाली है। मुझे यह शो कभी पसंद नहीं आया और न कभी आएगा। बस यही दुआ है कि मेरा भाई इस सबके बीच स्वस्थ और मानसिक रूप से ठीक रहे।' पोस्ट किए जाने के कुछ समय बाद ही लोगों के लगातार कमेंट्स आने पर अरमान ने इसे डिलीट कर दिया। उन्होंने अपने अकाउंट के बायो में लिख रखा है कि वो अक्सर पोस्ट डिलीट करते हैं।



इसका एक कारण ये भी रहा है कि भले ही हफ्तेभर अमल की छवि बिगड़ी रही, लेकिन वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनका बचाव किया और अन्य घरवालों को जमकर फटकार लगाई। सलमान ने सभी घरवालों के सामने साफ किया है कि अमल ने न ही कोई गलत इशारे किए थे और न ही उन्होंने कोई सेक्सुअल कमेंट पास किया था। ये गलतफहमी कुनिका सदानंद ने शुरू की और घरवालों को अमल के खिलाफ भड़काया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447